दाभिधेयत्व श्रुतेरेव यत्सच्चिदानन्दात्मकं परं ब्रह्म रामपदेनाभिधीयते तस्य रामपदाभिहितत्वेन रामरूयस्य चिन्मयस्य ब्रह्मणोरूपकल्पनोपासकानां कार्यार्थमित्येव द्रष्टव्यः । इत्यादिरूपेण ।

अतएव यदाऽन्तःकरणशरीकस्तदा स्वल्पपरिमाणको भवत्याकाशादिशरीरकतया महत्परममहत्परिमाणकोऽपि भवति । श्रुतिरपि "ज्यायान् पृथिव्या ज्यायानन्तरिक्षादित्यादिसमर्थयति परमात्मनो व्यापकपरिमाणाश्रयताम् । अर्थात् स्वभावतः सर्वशरीरकः परमात्मा सर्वेश्वरो हृदयपुण्डरीके परिछिन्नपरिमाणसन् ध्यानयोगादुपास्यमानोऽति प्रसन्नोऽनुकंपयति भक्तान् । सर्वगतोऽपि परिछिन्नतया व्यपदिश्यते । यथा समस्तभुवनाधिपतिरपि साकेताधिपतिरयोध्यापतिरिति च गीयते श्रीरामः । तस्मादुपपन्नं यदत्र परमात्मैवोपास्यो नतु संकुचितज्ञानाधिकरणो जीव इति । तदयमत्र संक्षेपः— अणीयस्त्वादिस्थानविशेषसम्बन्धादणुपरिमाणकजीव एव प्रकृते समुपस्थापितो भवति. नतु स्वभावतो व्यापकः परमात्मेतिपूर्वपक्षाशयः उपासनार्थं सर्वव्यापकोऽपि परमात्मा समुपस्थाप्यते भक्तानामनुग्रहाय. यथा सर्वगतोप्याकाशो लौकिकव्यवहारोपपादनायोपदिश्यते तद्वदिहापि ज्ञातव्यमिति ॥७॥

कल्पना परमेश्वर की उपास्यत्व के अनुरोध से की जाती है । क्योंकि परमेश्वरोपासना की ही मोक्ष–साधकता है । जीवोपासना मोक्षफलक नहीं है । "निचाय्यतं मृत्युमुखात्प्रमुच्यते" इत्यादि स्थल में परमेश्वरोपासना को ही मृत्युमुख विमोक्षण-लक्षण मोक्ष फलजनकत्व बतलाया गया है । एवं "स्वर्गापवर्गयोर्मार्गमामनन्ति मनीषिणः" इत्यादि से भी मोक्ष जनकता का कारणत्व परमेश्वरोपासना में ही निश्चित किया गया है ॥ विशेष विवरण भाष्य विवरण में देखिये ॥७॥

सम्भोगप्राप्तिरिति चेन्न वैशेष्यात् ।१।२।८।

नन्वेवं परमात्मनो हृदयाद्यवस्थाने जीववत्सुखदुःखसम्भोगप्राप्तिरपि दुर्निवारेति चेन्न, परमात्मनो जीवतो वैशेष्यात् । जीवस्य कर्मपारतन्त्र्यमीश्वरस्य तन्नेति वैशेष्यात् । स्वार्थे ष्यञ् । 'तयोरन्यः पिप्प-

---

विवरणम्—अथ अल्पपरिमाणकहृदयेऽवस्थानाव तथाऽणुपदेन व्यपदेशाज्जीव एवात्रोपास्यतया परिगृहीतव्यो नतु परमात्मा तस्य सर्वव्यापकतयाऽल्पपरिमाणके निवेशासंभवात्तथाऽणुविरोधिपरिमाणत्व श्रवणादिति पूर्वपक्षं कृत्वा सर्वगतोप्याकाशो यथा अल्पपरिमाणके घटादावस्थितो भवतीति दृष्टान्तेन सर्वगतस्यापि परमात्मन उपासनार्थं हृदयादिसूक्ष्मपरिमाणकेऽप्यवस्थानं संभवतीत्युत्तरं कृत्वा परमात्मन एवोपास्यता प्रतिपादिता निराकृता च जीवस्योपास्यता । तत्र यथा जीवस्य हृदयेऽवस्थानं तथैव यदि परमेश्वरस्याप्यवस्थानमनुमन्येत तदा यथा शरीरेवसन् जीवः शरीरगतसुखदुःखाभ्यां क्लेशितो भवति तथैव

सारबोधिनी—यदि मनोमयः प्राणशरीरोभारूप इत्यादि श्रुतिवाक्य प्रतिपादित मनोमयत्वादि धर्म विशिष्टत्वेन परमात्मा का प्रतिपादन होता है और तदनुरोधात् परमात्मा का शरीर में अवस्थान है । ऐसा मान लिया जाय तब तो शरीरादि जनित सुख दुखादि के उपभोगवान् शारीर होता हैं । उसी तरहड् से शरीरस्थित परमात्मा को भी सुखदुखादि की प्राप्ति होगी क्योंकि जीव को भी तो सुखदुखादि का संभोग सम्बन्ध जनित ही है । तो तादृश शरीर सम्बन्ध शरीरावस्थान तो परमात्मा का भी है । तो परमात्मा भी सुखदुखादिमान् होंगे । इष्टापत्ति तो कह नहीं सकते हैं । क्योंकि तब तो परमेश्वर में सब प्रकार के दुःखादिराहित्य प्रतिपादक श्रुतिस्मृतियों का बाध हो जायगा । एतादृश शंका का निराकरण करने के लिए प्रक्रम करते हैं "नन्वेवं" यदि उपासनार्थक सर्व व्यापक परमात्मा को जीव की तरह हृदयादिक स्वल्प परिमाणवान् देश

लं स्वाद्वत्ति, अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति'। "तत्र यः परमात्मासौ स नित्यो निर्गुणः स्मृतः । न लिप्यते फलैश्चापि पद्मपत्रमिवाम्भसा" इत्यादि श्रुतिस्मृतयो जीवपरयो वैशेष्यं स्पष्टमाहुः ॥८॥

इति श्रीरघुवरीयवृत्तौ सर्वत्रप्रसिध्द्यधिकरणम् ।

परमात्मापि विषयज—सुखदुःखाभ्या मवश्यमेव संस्पृष्टः स्यात् । न च न केवलं सुखदुःखयो रुपभोगे केवलमात्मैव कारणं किन्तु तदन्यदपि प्रयोजकं भवति. तत्र सुखादिभोगे आत्मा समवायीकारणमात्ममनसो संयोगोऽसमवायिकारणं तथादृष्टं कालादिश्चनिमित्तकारणम् । तत्र निमित्तकारणान्तर्गतस्य शुभाशुभकर्मणः परमेश्वरेऽभावान्न सुखदुःखादि संभोगभाक् परमेश्वरस्यादिति वाच्यम्, भावानवबोधात् । अयं भावः— जीवे शुभाशुभं कर्म भवति परमेश्वरे न भवति तत्र को हेतुः ? यदि शरीरे जीवस्यावस्थानं हेतुः शरीरमधिष्ठाय वागादिना शुभाशुभं कर्म में अवस्थान है, ऐसा मान ले तब तो शरीरावस्थित शारीर आत्मा को जिस तरह सुखदुःखादि की प्राप्ति होती है । उसी तरह सर्वदुखादि की प्राप्ति परमेश्वर को भी होगी । क्योंकि दुख प्राप्तिकारण जो शरी में अवस्थान है वह तो जीव के सदृश परमेश्वर का भी समान ही है । जीव को तो एक शरीर मात्र सम्बन्ध से दुख होता है । किन्तु परमात्मा तो सर्व शरीरक है । तब तो सारी दुनिया के सब दुःख की प्राप्ति परमेश्वर को होने से परमेश्वर महान् दुखी हो जायगा तब एतादृश परमेश्वर के प्राप्ति के लिए जो तदीय उपासना करने के लिए शास्त्र आदेश देता है । उन शास्त्रों में किसी की भी प्रवृत्ति नहीं होने से सर्व प्रकार की व्यवस्था अस्त व्यस्त हो जायगी । कौन सचेतन पुरुष एक शरीर कृत सुखादि से वंचित होने के लिए एतादृश परमात्मा की उपासना करने के लिए प्रयत्न करेगा एतादृश प्रश्न को निराकृत करने के लिऐ कहते हैं—"परमात्मन जीवतो वैशेष्यात्" परमात्मा को जीव से विशेषता है । क्योंकि "जीवस्य कर्म

संपाद्य सुखादयुपभोगं करोति। तदा शुभकर्मसम्बन्धशरीरावस्थानमेव हेतुः भक्तस्य तदभावान्न तत्, एवं चेत्तदा शरीरेवसन् परमात्मापि सुखदुःखयोरनुभवं कुर्यादेव यतः सुखदुःखानुभवकारणस्य शरीरावस्था-नस्य जीववत् परमात्मनो ऽपिसत्वादित्याकारक शङ्कामपनेतुं सूत्रस्थ वैशेष्यादित्यादिना समाधातुमुपक्रमते "नन्वेवं परमात्मनो हृदया-द्यवस्थाने" इत्यादि। ननु यदि श्रुति स्मृति सूत्रकारीयवचनेषु श्रद्धामास्थाय परमात्मनः परमपुरुषस्य श्रीसाकेताधिपते र्विरूपानेक जीवीयहृदयप्रदेशेऽ वस्थानप्रतिकूलेऽपि समवस्थानमनुमन्येत तदा यथा जीवानां हृदयप्रदेशेऽवस्थानात् सुखदुःखाद्युपभोगो जायते तथैव हृदयावस्थितस्य परमेश्वरस्यापि दुःखाद्यनुभवो दुर्निवार एव स्यात्। ततश्च जोवेश्वरयोः समानतैवस्यात्। न केवलं समानता मात्रं परमेश्व-रस्यापितु जीवापेक्षयात्यधिकदुःखवान्स्यात्परमेश्वरः। यतो जीव एक-पारतन्त्र्यम् जीव तो कर्म पराधोन है। और परमेश्वर में कर्म पराधीनता नहीं है। यह विशेषता है। अभिप्राय कहने का यह है कि सुखदुःखादि के उप भोग रूप कार्य के प्रति समवायी कारण जीव है। असमवायी कारण जीव तथा मन का संयोग है। और निमित्त कारण शुभाशुभ कर्म स्वरूप अदृष्ट तथा कालादिक है। एतादृश सामग्री रहने पर कार्य सुखादि संभोग लक्षण कार्य होता है जीव में ये सब कारण समुदाय रहने पर सुखदुखाद्युपभोग रूप कार्य होता है। परमात्मा में तो विलक्षण मन प्रतियोगिक जोवानुयो गिक संयोग लक्षण असमवायो कारण तथा अदृष्ट रूप निमित कारण तो नहीं है। इसलिऐ परमात्मा में सुखादि रूप कार्य की उत्पत्ति नहीं होती है केवल एक कारण से ही कार्य नहीं होता है। किन्तु कारण समुदाय से कार्यहोता है। यद्यपि परमात्मा सर्व व्यापक सर्वाधार है तो जीव का अदृष्ट परमात्मा में भी हो सकता है। तथापि अदृष्ट तथा कार्य को समानाधिकरण होने पर ही कार्य होता है। अस-

शरीरगतमेव दुःखं भुनक्ति परमेश्वरस्तु सर्वजीवशरीरे वसन् सर्वजीवीय दुःखैः परामृश्यमाणोऽतिकष्टावस्थां प्राप्नुयादिति पूर्वपक्षः। उत्तरयति सूत्रकृत् प्रदर्शितहेतुना "परमात्मनो जीवतो वैशेष्यादित्यादि। जीवापेक्षया परमात्मनो विशेषात्। वैशेष्यादित्यत्र विशेषपदात् स्वार्थीयः ष्यञ् प्रत्ययः। प्रत्ययार्थनाधिकः किन्तु प्रकृत्यर्थे एव प्रत्ययार्थोऽपिनिहित इति। एवं च जीवापेक्षया परमात्मनो विशेषात् पूर्वपक्ष दोषो न संभवति। कोऽसौ जीवपरयोर्विशेषोविद्यमानेऽपि चेतनत्व धर्मसमानत्वे! तत्राह "जीवस्य कर्मपारतन्त्र्य" मित्यादि। जीवः संकुचितज्ञानवत्वेनानीशत्वेन च स्वकृतकर्मपराधीनः परमेश्वरस्तु सर्वज्ञत्वसर्वशक्तिमत्वादिभिर्गुणैरपराधीनः। "आत्माऽपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः" इति श्रुत्युक्तेः। यद्यपि जीवेशयोः शरीरेऽवस्थानं समानं तथापि तत्रा

मानाधिकरण में कार्यकारण भाव नहीं होता है। ऐसा न्याय का सिद्धान्त है इसलिए परमेश्वर में जीवापेक्षया विशेषता होने से जीव की तरह परमेश्वर में सुखादि संभोग की आपत्ति नहीं होती है। यहाँ वैशेष्यात् इस जगह में स्वार्थिक ष्यञ् प्रत्यय है अर्थात् विशेष शब्द से ष्यञ् प्रत्यय करके वैशेष्य पद की सिद्धि हुइ है परन्तु विशेष और वैशेष्य के अर्थ में भेद नहीं होता हैं। क्योंकि स्वार्थिक स्थल में प्रकृत्यर्थ में ही प्रत्ययार्थ का समावेश होता है। एवं शरीर में रहने पर भी परमात्मा में सुखादि का भोग नहीं होता है। इसमें श्रुति का भी संवाद बतलाते हैं तयोरन्य"इत्यादि। दो सुपर्ण परस्पर मित्र भाव को प्राप्त करके विनाशी स्वाभावक एक शरीर रूप वृक्ष पर बैठे हैं। उन दोनों में से ऐक जो जीव है वह तो स्वकृत कर्म फल का उपभोग करता है। और तदन्य जो परमात्मा हैं वह कर्मफल का उपभोग नहीं करता हैं। केवल सर्वसाक्षी रूप से अवस्थित रहता है। इसी तरह इस विषय में स्मृति भी प्रमाण है। तत्र

वस्थितयोरपि तयोर्जीव एव कर्मफलभोक्ता न तु परमेश्वरकर्मजन्य फलभोक्ता भवति तत्र श्रुतिमाह "तयोरन्य" इत्यादि । एकस्मिन् देहरूपे वृक्षे विद्यमानावपि जीवेशौ जीव एव कर्मजनितफलस्य सुख-दुःखादेर्भोक्ता भवति परमात्मा तु तत्र वसन्नपि कर्मफलाऽभोक्तृत्वे नानश्नन्नपि प्रकाशमानो भवति अथवा जीवः कर्मफलं पिबति पर-मेश्वरस्तु पिबन्तं जीवं पाययति सर्वकर्मप्रेरकत्वात्तस्य । उभयोः शरीरे-ऽवस्थानाविशेषे गगनवत् सर्वत्र विद्यमानोऽपि फलभाग् न भवतीति । "तत्र यः परमात्मासावित्यादि । तत्र परमात्मा परमपुरुषः सर्वेश्वरश्री रामः सो नित्यः सर्वदा एकरूपः उपाधिभेदेऽपि कदाचिदपि उत्पाद विनाशादि विकार रहितः तथा निर्गुणः हेयलौकिक गुणरहितः "नि-र्गता निकृष्टाः सत्त्वादयः प्राकृता गुणा यस्मात्तन्निर्गुणमित्याचार्योक्तेः "निकृष्टगुणराहित्यमेव निर्गुणत्वम्" (आनन्दभाष्यम् १।१।२।) ।अर्थात् पदार्थानामुत्पादविनाशौ क्वचित् स्वरूपेण भवतः क्वचिद् गुणोत्पत्त्या, यः परमात्मा सौ" इत्यादि । उसमें जो परमात्मा है वह तो नित्य सर्वथा उत्पाद विनाश धर्म रहित हैं तथा निर्गुण है । अर्थात् प्राकृतिक जो दोष उन सबों से सर्वथा विनिर्मुक्त है । वह कमजन्य जो फल हैं सुख दुखादिक उनसे वैसे हि लिप्त नहीं होता है । जिस तरह सर्वदा जल में रहता हुआ भी कमल पत्र जल से आश्लिष्ट नहीं होता है । इस तरह यह परमा त्मा शरीर में सर्वदा सर्वत्र अवस्थित है, तथापि तदीय सुखदुख से सर्वथा वंचित ही रहता हैं यथा वा सूर्य का प्रकाश मेध्य अमेध्य सब पदार्थों में व्याप्त रहने पर भी मेध्यामेध्य स्पर्श जनित फल से रहित ही रहता है । इत्यादि श्रुति स्मृति जीव तथा परमात्मा में विशेषता को स्पष्ट रूप से बतलाती हैं । एवं "न मां कर्माणि लिंपन्ति न मे कर्म फले स्पृहा । न च मां तानि कर्माणि निबध्नन्ति धनंजय"मुझ में कर्म लिप्त नहीं होते हैं । न वा मुझको कर्मफलों की स्पृहा है । वे कर्म हममें निबद्ध नहीं होते है । इत्यादि

॥ अथात्ताधिकरणम् ॥

अत्ता चराचरग्रहणात् ।१।२।९।

काठके–'यस्य ब्रह्म च क्षत्रं चोभे भवत ओदनः । मृत्युर्यस्योपसेचनं क इत्था वेद यत्र सः । [का० १।२।२५।] इत्याम्नायते । अत्रौदनोप सेचनपदार्थाभ्यां तत्सम्बन्धी कश्चिदत्ता प्रतीयते । स किं जीव आहो

यथा घटस्य दण्डादिकारणेन स्वरूपत उत्पत्तिर्जायते । । तथा मुद्गरादि-पातेन गुणस्योपचयापचयाभ्यां । तत्रोभयप्रकारक उत्पादविनाशयोर-भावं द्योतयितुं 'नित्यो' 'निर्गुण' इति विशेषणद्वयमत्रप्रदर्शितवान् । एतादृशः परमात्मा शुभाशुभकर्मजनितैः सुखदुखात्मफलैः कथमपि लिप्तो न भवति । यथा पद्मपलाशोंऽभसा कदाचिदपि लिप्तो न भवति तद्व-देवेति । इत्यादि श्रुतिस्मृतयो जीवात्मपरमात्मनोर्विशेषतां प्रतिपाद-यन्तीति दिक् ॥८॥

इति जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य–रामप्रपन्नाचार्य योगीन्द्रकृतस्य
श्रीरघुवरीय–वृत्तिविवरणस्य सर्वत्र प्रसिद्ध्यधिकरणं प्रथमम् ।१।

स्मृतिशत परमात्मा में कर्म जनित फल सम्बन्ध का निवारण करनेवाली है । इसलिए परमात्मा में कर्मफल का सबन्ध नहीं होता है । किन्तु जीव में ही कर्मफल का सम्बन्ध होता है । इससे यह सिद्ध होता हैं कि "मनो मय प्राणशरीरभारूप"इत्यादि श्रुतियों में मनोमयत्वादि गुणविशिष्ट परमात्मा ही उपदिश्यमान होते हैं । परन्तु जीवात्मा उपास्यता रूप से उपदिश्यमान नहीं है । विशेष विचार श्रीमदानन्दभाष्यादि आकर ग्रन्थोंमें देखें ॥८॥

उपास्यः सर्वथारामो नोपास्यो जीव इत्ययम् ।
प्रसाधितो हि यत्नेन श्रुतिस्मृतिसमाश्रयात् ॥१॥

इति सारबोधिन्यां सर्वत्रप्रसिद्ध्यधिकरणम् ॥

सारबोधिनी–जिस तरह "मनोमयः प्राणशरीरोभारूपः" इत्यादि श्रुति समधिगत मनोगुण विशिष्ट रूप से परमात्मा का प्रतिपादन होने से

स्वित्परमात्मेति संशयः । तत्र भोक्तृत्वं हि कर्मायत्तं तच्च जीवस्यैव सम्भवतीति स एवात्रात्तेति पूर्व पक्षः, अत्राभिधीयते –अत्ता ह्यत्र परमात्मैव । चराचरं जगददनस्थानीयतया तस्यैव सम्भवति । स्वयमद्यमानत्वे सत्यन्यादनहेतुरूपोपसेचनस्थानीयो मृत्युरन्यस्य नोपपद्यते । एतादृश सामर्थ्यं परमात्मन एवेति स एवात्रात्तेति ॥९॥

विवरणम्–इतः पूर्वाधिकरणे "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" इत्यादिश्रुति वाक्यानां परमपुरुषे श्रीरामे एव समन्वयो भवतीति विज्ञाप्य तस्य परमात्मनो हृदयादिदेशेऽवस्थाने परमात्माऽपि जीववत् सुखदुःखात्मक फलोपभोगः प्राप्नुयादित्यस्य प्रश्नस्यापि निराकरणं कृतवान् । अतः परं "यस्य ब्रह्म च क्षत्रञ्च उभे भवत ओदनः । मृत्युर्यस्योपसेचन"मित्यादि श्रुतीनामपिपरमकारणे परब्रह्मणि सर्वेश्वरे श्रीराम एव समन्वयप्रदर्शनाय प्रक्रमतेः–"काठके" इत्यादि काठके कठवल्ली श्रुतौ श्रूयते "यस्य ब्रह्म च क्षत्रं च. उभे भव ओदनः । मृत्युर्यस्योपसेचनं क इत्था वेद यत्र सः" [यस्य महात्मनो ब्राह्मणः, क्षत्रियश्च अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रियोपलक्षितं निखिलमेव चराचरात्मकं जगत् ओदनः भक्तस्थानीयं भवति.

यथोक्त श्रुतिका समन्वय परमात्मा में है । अथवा "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते" इत्यादि श्रुतियों का समन्वय परमात्मा में ही हैं । उसी तरह "यस्य ब्रह्म च क्षत्रञ्च" इत्यादि श्रुतियों का भी समन्वय परमात्मा में ही है । न तु तदतिरिक्त किसी अन्य में इस बात को बतलाने के लिए तथा सूत्र· व्याख्यान करने के लिए प्रक्रम करते हैं–"काठके" इत्यादि जिसका ब्राह्मण क्षत्रिय अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रियोपलक्षित सम्पूर्ण जगत् ओदन स्थानापन्न है । और सर्व मारकतया प्रसिद्ध यमराज भी शाकसूप [दालशाक] स्थानापन्न हैं । अर्थात् जिस तरह लोक दाल साग चटनी के सहायता से भात रोटी को खाता है उसी तरह मृत्यु को सहायक मानकर के समस्त जगत् को जो खाने· वाला है । एतादृश विलक्षण शक्तिमान् को कौन जान सकता है । यहाँ ओदन

तथा मृत्यु स्वातिरिक्तसर्गस्तस्य जगतो मारको यमराज उपसेचनं शाकसूपस्थानोयं भवति। एतादृशविलक्षणसामर्थ्ययुक्तं परमात्मानं को वेद. को ज्ञातुं शक्नुयात्। अर्थात् विलक्षणशक्तिसंपन्नस्यपरमेश्वरस्य ज्ञानं कस्य स्यात्। दुर्लक्ष्यत्वात् को वा तं जानियात्।] ज्ञातुं शक्नुयादित्यभि प्रायः तत्रौदनोपसेचनपदद्वये नेत्थं ज्ञातं भवति यदस्ति सर्वस्य जगतो भक्षकः कश्चित् पुरुषः । तत्र संशयो भवति. यत् अत्र. अत्ताजीवो भवति परमात्मा वा । कुतः संशयः ! यतोऽत्र विशेषहेतोरदर्शनात्। अस्मिन् प्रकरणे जीवस्य परमात्मनश्चोभयो रपि समावेश. संभवात्। एतस्मिन् भवति पूर्वपक्षो यज्जीवस्यैव ग्रहणम्। यतः कर्मवसेन भोक्तृत्वं जीवस्यैव । यतो जीवः कर्मवलात् सर्वभोक्तृत्वं जीवस्यैव । यतो जीवः कर्मबलात् सर्वभोग्यजातमत्तीति प्रसिद्धम्। नतु परमेश्वरस्य प्रकृते ग्रहणं तस्य कर्माभावेन कर्मबलप्राप्तातृत्वस्य तस्मिन्नसंभवात् प्रत्युत "अनश्नन्नन्योऽभिचाकसीति" इत्यादि परमेश्वरे भोक्तृत्व प्रतिषेधनात्। तस्माज्जीव एव सर्वस्यात्तेति पूर्वपक्षः। पक्षस्यास्य निराकरणायाह वृत्तिकारः अत्राभियीयते अत्ताचराचर ग्रहणात्। अत्र प्रकरणे अत्ता सर्वभक्षकः परमात्मैव भवति. नतु परमेश्वरातिरिक्तः कश्चित्। कथम्? चराचर-उपसेचन पदार्थ के होने से तत्सम्बन्धी कोई अत्ता है। ऐसा सूचित होता है। तो वह कौन है ? क्या कोई जीव विशेष सबका अत्ता है। अथवा सर्व वेदान्त वेद्य परमात्मा अत्ता है । क्योंकि एक किसी का नियामक कोई हेतु विशेष नहीं है । तो यहाँ पूर्व पक्ष होता है कि भोक्तृत्व तो कर्माधीन है। वह कर्म तो जीव में ही समवाय सम्बन्ध से रहता है अतः अत्ता जीव ही है परमात्मा नहीं क्योंकि परमात्मा में तो शुभाशुभ कर्म नहीं हैं वे तो सर्व पापरहित हैं। एवं परमेश्वर के विषय में तो मुण्डक में "अनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति" ऐसा कहा है। इसलिए अत्ता कोई जीव है।

इस प्रश्न का उत्तर करने के लिए सूत्र पद का उत्थान करते हुए कहते हैं—"अत्ता चराचरग्रहणात्" यहाँ अत्तापद से परमात्मा

ग्रहणात् । यतोऽत्रभक्ष्यत्वेन ब्राह्मण क्षत्रियोपलक्षितं चराचरं स्थावरजंगमात्मकजड़ाजड़ंसर्वमेवजगत् अद्यमानतया श्रुतम्. नहि सर्वस्य पदार्थजातस्य सर्वसंहारक यमसहितस्य संहारकत्वं जीवस्य सम्भवति जीवस्यापि सर्वान्तर्गतत्वात् । किन्तु एतेभ्योऽतिरिक्तः कश्चिदत्तात्र । स च परमात्मैव । तस्य सर्वजगत् संहारकारकत्वश्रवणात्. "यत्प्रयन्त्यभि संविशन्तीति" श्रुतेः । एतदेव स्पष्टयति "स्वयमद्यमानत्वे सत्यन्यस्ये" त्यादि । यमराजो हि सर्वमारकतया प्रसिद्धोऽपि अत्र स्वयमद्यमानतयैव परिगृहीतः शाकस्थानीयतया । तस्मात्सर्वसंहर्तृत्वं यमातिरिक्तस्यैव संभवति स च परः परमात्मैव सम्भवति नान्यः कश्चित् । अयं तु परमात्मा प्रलयकाले ब्राह्मणक्षत्रियोपलक्षितं सर्वं जगत्स्वात्मन्युपसंहरन् सर्वस्य भक्षकत्व रूपमत्तृत्वं भवति । यास्तु श्रुतयः परमेश्वरस्य भोक्तृत्वनिषेधप्रतिपादिकाः न ताः परमेश्वरस्य सर्वभक्षकत्वं निवारयन्ति किन्तु कर्मबलागतस्य भोग्यस्य भोजकत्वं निवारयन्ति । यतः "न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफले स्पृहा" इति भगवदुक्तेः । "जीवानां पुण्यपापमूलकानि

का ही ग्रहण करना चाहिए । क्यों कि अद्यमान रूप से चराचर–समस्त जगत् का कथन किया गया है । यह सम्पूर्ण स्थावर जंगम जगत् परमेश्वर का ही अदनीय होना चाहिए तदन्य का नहीं । क्यों कि स्वयम् अद्यमान होकर के अन्य के अदन कारण उपसेचन स्थानापन्न मृत्यु अन्य सबका अत्ता नहीं हो सकता है । अर्थात् मृत्यु स्वयमेव अद्य मान है । तब वह अन्य का अत्ता कैसे होगा ? अतः सर्व का अत्ता परमेश्वर ही यहाँ अत्ता शब्द से परिगृहीत होते हैं । भगवान् तो प्रलयकाल में सबका उपसंहरण करनेवाले हैं । उनमें सर्व सामर्थ्य है । "कालोस्मि लोकक्षयकृत् प्रवृद्धः" इत्यादि स्मृति से प्रसिद्ध ही है । "यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति" इत्यादि श्रुतियों से सर्व संहारकर्तृत्व भगवान् में ही होने से तादृश परमात्मा ही यहाँ अत्ता

प्रकरणाच्च ।१।२।१०।

'महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति' [का० १।२।२२।]
इति परस्यैवेदं प्रकरणम् । तस्मादत्तात्र परमपुरुष एव ॥१०।

इति श्रीरघुवरीयवृत्तौ–अत्ताधिकरणं द्वितीयम् ॥२॥

कर्माणि तेषामेव बन्धविधायकतामुपयान्ति न तु मम सर्वेश्वरस्येति यावत्'' (गीतानन्दभाष्यम् ४१४) इति व्याख्यानाच्च परमेश्वरे शुभाशुभकर्मणोऽसद्भावात् । सर्ववेदान्तेषु परमपुरुषस्यैव संहारकत्वं सर्वजगतः ''यतो वे'' त्यादौ प्रतिपादितम् । तस्मादत्र सर्वस्यात्ता परमात्मैव भवति नतु तदतिरिक्तोऽग्निर्वा जीवो वेति सिद्धान्तः पक्ष इति दिक् ॥९॥

विवरणम्–न केवलमत्र चराचरभक्षणमूलकतयव अत्तेतिपदेन परमात्मनो ग्रहणमपितु प्रकरणमपीदं परमात्मन एव । ततश्च प्रकरणबलादपि परमात्मैव सर्वभक्षकतया प्रकृते समुपस्थापितो भवतीति द्योतयितुं प्रकरणमुदाहरति=''महान्तं विभुमित्यादि । अयं भावः''अन्यत्रधर्मादन्यत्रा धर्मादन्यत्रा स्मात्कृताकृतात् । अन्यत्र भूताच्चभव्याच्चयत्तत्पश्यसि तद्वद''

पद से गृहीत होते हैं तदन्य नहीं । परमेश्वर में भोक्तृत्व का जो श्रुति निषेध करती है वह कर्माधीन भोग का निषेधक है इसलिए किसी भी प्रकार विरोध नहीं हैं ॥९॥

सारबोधिनी– इस से पूर्वसूत्र में कहा है कि ''यस्य ब्रह्म च क्षत्रं च उभे भवत ओदनः'' [जिसका ब्राह्मण–क्षत्रियोपलक्षित समस्त स्थावर जंगमात्मक जगत् ओदन है । तथा सर्वसंहारक यमराज जिसका दालसाग है । एतादृश विलक्षण महिमाशाली सर्वशक्तिमान् परमात्मा किस जगह में रहता हैं । इस बात को कौन जान सकता है ?] इस श्रुति में ओदनादि से संबन्धित कोई ओदनादि का भक्षण करनेवाला है । ऐसा कौन है जीव है ? कि परमात्मा हैं ! एतादृश संशय के बाद सिद्धान्त किया गया कि

योहि पदार्थो धर्मात् धर्मसम्बन्धरहितादधर्मात् । अधर्मवद् धर्माच्च भिन्नः, यश्चकृताज्जायमानात्, अजायमानाच्च भिन्नोभूतभव्यवार्तमानिकपदार्थजातेभ्यो भिन्नस्तादृशं यं पदार्थं त्वं धर्माचरणेनाराधितपरमेश्वरेण पश्यसि तमेव परमात्मानं ब्रह्मतत्त्वं मत्कृते प्रतिपादय इत्येवं नचिकेतसा पृष्टो यमस्तादृशं परमात्मानं बोधयितुम् "महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति" "कस्तं मदामदं देवं मदन्यो ज्ञातुमर्हति" इत्यादिना भगवतः स्वरूपमुपदर्शयन्निदं प्रकरणमुत्थापितवानिति प्रकृतप्रकरणस्य परमात्मप्रकरणात्. तत्प्रकरणे प्रतिपाद्यमानः कथमिव जीवः स्यात् ?। तस्मादत्र प्रकरणे सर्वात्तृतयासमुपदिश्यमानः परमात्मैव भवति नतु तदन्यो जीवो वा अग्निर्वेति प्रकरणार्थः ॥१०॥

इति जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य—रामप्रपन्नाचार्ययोगीन्द्रकृतस्य श्रीरघुवरीयवृत्तिविवरणस्यात्ताधिकरणं द्वितीयम् ॥२॥

अद्यत्व रूप से चराचर का ग्रहण होने से सर्व सामर्थ्यवान् परमात्मा ही अत्ता है । जीव अत्ता नहीं है । परन्तु एतावत् मात्र से ही अत्ता परमात्मा है सो नहीं किंतु यह प्रकरण परमात्मा का है । इससे भी यह सिद्ध होता है कि अत्ता परमात्मा ही है । इस बात को बतलाने के लिए प्रक्रम करते हैं "महान्तम्" इत्यादि । आकाशादि के अपेक्षा से भी अति महान् "महतो महियान्" इति श्रुतेः। विभु सर्व व्यापक उस परमात्मा को जानकर तपस्यादि के द्वारा पवित्र अन्तःकरण से उस परमात्मा का साक्षात्कार करके आत्मज्ञानी भक्त शोक पदवाच्य संसार को पार कर जाता है । अर्थात् साकेत निवास लक्षण मोक्ष को प्राप्त कर लेता है । तथा "न जायते म्रियते वा विपश्चित्" "नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन" "कस्तं मदामदं देवं मदन्यो ज्ञातुमर्हति" "अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मादन्यस्मात् कृताकृतात्" इत्यादि परमात्मा का ही प्रकरण है । तो इस प्रकरण से भी सिद्ध होता है कि प्रकृत में अत्ता पद से परम पुरुष भगवान् श्रीरामजी का ग्रहण करना उचित है, तथा ग्रहण किया जाता है । जीव का ग्रहण अत्ता पद से

अथ गुहाप्रविष्टाधिकरणम्

गुहां प्रविष्टावात्मानौ हि तद्दर्शनात् ।१।२।११।

काठके—ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके गुहां प्रविष्टौ परमे परार्धे, [का०।१।३।१।] इति श्रूयते । किमत्र बुद्धिजीवावाहोस्विज्जीवेश्वराविति संशयः, तत्रेश्वरस्य विभुत्वादपरिच्छिन्नत्वात्कर्मफलभोक्तृत्वासम्भवाच्च हृदयगुहाप्रवेशासम्भवाद्बुद्धिजीवावेवेति पूर्वः पक्षः । अत्राभिधीयते—

विवरणम्=इतः पूर्वाधिकरणे सर्वस्य संसारस्य संहारकाले भगवान् सर्वमुपसंहृत्य स्वात्मनि संस्थापयन् सर्वस्यात्ता भवति. "शेतेऽनन्तासने सर्वमात्मसात्कृत्य चाखिल" मिति पुराणवाक्यात् । तत्र सर्वस्यात्ता भगवानेव भवति नतु जीवेति प्रतिपादितम् । ततः परम् "ऋतं पिबन्तौ" वित्यादि काठक श्रुतौ गुहायां प्रविष्टौ इति ज्ञायते. तत्र जीवेश्वरौ प्रतिपादितौ भवतो बुद्धिजीवाविति संशयनिराकरणाय प्रकरणमिदमारभमाणो वृत्तिकारः प्राह—"काठके" इत्यादि । तत्र काठकश्रुतौ ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके इत्यादि वाक्यं श्रुतं भवति ।[तत्र ऋतं कर्मफलं नहीं है । क्योंकि जीव का यह प्रकरण नहीं है । परमात्मा में जो अत्तृत्व का निषेधपरक श्रुति है उसका अभिप्राय यह है कि परमात्मा जीव के समान शुभाशुभ कर्मजनित सुखदुःखादि का उपभोक्ता नहीं है ॥१०॥

इत्यत्ताधिकरणं समाप्तम् ॥

सारबोधिनी—कठोपनिषद् में आया है कि "ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके" स्व से संपादित जो शुभाशुभ कर्म है उसके अर्थात् सत्य शुभाशुभ कर्म फल का पान करनेवाला तथा बुद्धि रूप गुहा में—हृदयाकाश में अवस्थित रहनेवाले छायातप के समान परस्पर विलक्षण स्वभाववाले इस शरीर में हैं । अब यहाँ सन्देह होता है कि पिबन्तौ में जो द्विवचन है उससे बुद्धि तथा जीवात्मा इन दोनों का ग्रहण किया जाता है, अथवा जीव परमात्मा इन दानों का ग्रहण किया जाता है क्योंकि कोई नियामक विशेष

जीवेश्वरावेवात्र गुहाप्रविष्टाविति निश्चीयते । अस्मिन् काठके प्रकरणे "अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो मध्य आत्मनि तिष्ठति । ईशानो भूतभव्यस्य, [का० २।४।१२।]'तं दुर्दर्शं गूढ़मनुप्रविष्टं गुहाहितम्, [का० १।२।१२।] "या प्राणेन सम्भवत्यदितिर्देवतामयि । गुहा प्रविश्य तिष्ठन्ती' [का० २।१।७।] इत्यादिवाक्येषु परप्रतिपादनमेव दृश्यते ॥११॥

पिबतौ भुंजानौ स्वकृतस्य कर्मणः लोके तत्र लोक्यते भुज्यते कर्मफलं यस्मिन् स लोको देहस्तस्मिन्नवस्थितौ तौ द्वौ जीवेशाविति पुनः गुहां गुहायां हार्दाकाशे वर्तमानौ तौ च द्वौ छायातपवत् परस्परं विलक्षणा-विति ब्रह्मविदो ब्रह्मज्ञानिनः कथयन्ति, तथा ये पञ्चाग्नयो गृहस्थाः तथैव ये त्रिवारं नाचिकेताग्नेर्चयनं कृतवन्तस्ते इत्थं प्रतिपादयन्ति] इति । तत्र किमत्र बुद्धिजीवयोर्ग्रहणं भवति अथवा जीव परमात्मनो-र्ग्रहणम् ! अत्रैकपक्षस्य नियामकहेतोरभावाद् भवति संशयः । ततश्च ऐसा नहीं है कि जिसके द्वारा सिद्ध किया जाय कि बुद्धि जीव हो द्विवचन पद से ग्राह्य हो अथवा जीव परमात्मा को हो द्विवचन से ग्रहण किया जाय। अतः नियामक विशेष हेतु के अभाव होने से सन्देह होता है। तो इसमें पूर्वपक्ष होता है, बुद्धि जीव पक्ष ही ठीक है। जीव परमात्मा पक्ष ठीक नहीं है। क्योंकि परमात्मा तो सर्वव्यापक है। तथा "महतो महीयान्" इत्यादि महत परिमाणवान् होने से सर्व परिच्छेद रहित है। और परमात्मा में तो कर्मफल भोक्तृत्व भी असंभवित है। कर्मफल का भोक्ता तो जीव होता है। इसलिए अति सूक्ष्म हृदयादि रूप गुहा में प्रवेश नहीं होने से जीव परमेश्वर पक्ष ठीक नहीं है किन्तु बुद्धि जीव पक्ष ही ठीक है क्योंकि बुद्धि परिच्छिन्न है असर्वगत है। जीव भी अणु है, व्याप्य है तो इन दोनों का परिच्छिन्न गुहा में प्रवेश संभवित है। और जीवकर्मफल का भोक्ता भी बनता है। उनमे बुद्धि जीव का गुहा में अवस्थान है यह पक्ष ही ठीक है। जीव परमेश्वर पक्ष ठीक नहीं है। क्योंकि परमेश्वर सर्वव्यापक है। तो परमेश्वर का परि-

परमेश्वरस्य सर्वव्यापकत्वात् तथाऽपरिच्छिन्नत्वात् तथा कर्मफल-भोगस्य परमेश्वरेऽसंभवात् हृदयात्मकगुहाया परिच्छिन्नत्वेन तादृश-गुहायां प्रवेशासम्भवान्न जीवेशपक्षसमुचितोऽपितु परिच्छिन्नत्वाद् बुद्धिजीवपक्षस्यैव सम्भवः, यत उभयोरपि बुद्धिजीवयोः परिच्छि-न्नत्वात्तत्र प्रवेशसम्भवात्, जीवस्य स्वकृतकर्मफलसुखदुःखयोर्भोक्तृत्व-संभावाच्च । तस्माद् बुद्धिजीवयोरेव ग्रहणं कर्त्तव्यं नतु जीवपरेशपक्षो ग्राह्य इति पूर्वपक्षः । तदत्र पूर्वपक्षे प्राह 'अत्राभिधीयते' इति । गुहां प्रविष्टावित्यादि । अत्र जीवेशावेव गुहां प्रविष्टाविति निश्चीयते । कुतः ? तस्यैव परमेश्वरस्य सर्ववेदान्तप्रतिपाद्यत्वात् । एवमस्मिन्येव काठकप्रकरणे "अंगुष्ठमात्रः पुरुषः" इत्यादि [अंगुष्ठप्रमाणकः आत्मन शरीरस्य मध्ये हृदयप्रदेशे तिष्ठति वर्तते स च परमात्मा भूतस्यातीत-स्य भव्यस्यानागतस्य वर्तमानकालावच्छिन्नतस्य सर्वस्य पदार्थजातस्य ईशा नो नियमनकर्त्ता परमपुरुषऽवतिष्ठते इत्यर्थः।] श्रुत्या सर्वहृदये वर्तमानः परमात्मेति गम्यते । एवम् "तं दुर्दर्शं गूढ़मनुप्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम् । अध्यात्मयोगाधिगमेन देवम्मत्वाधीरो हर्षशोकौ जहाति "यो

च्छिन्न गुहा प्रदेश में प्रवेश बाधित है। एतादृश पूर्वपक्ष का निराकरण करने के लिए कहते हैं–"अत्राभिधीयते" बुद्धि जीव पक्ष ठीक नहीं है । किन्तु जीब परमेश्वर ही यहाँ गुहा प्रविष्ट हैं ऐसा निश्चय किया जाता है । क्योंकि दोनों जीव परमेश्वर चेतन हैं । तब पूर्वपक्षी कहता है कि परमेश्वर तो व्यापक है । उनका परिच्छिन्न गुहा प्रदेश में प्रवेश तो बाधित है । इसके उत्तर में वृत्तिकार कहते हैं–"अस्मिन् काठके" इत्यादि । इसी कठोपनिषत् के प्रकरण में कहा है कि "अङ्गुष्ठ मात्रः" शरीर के मध्य हृदय प्रदेश अर्थात् हार्दाकाश में अंगुष्ठपरिमाण परिमित परमात्मा विद्यमान रहते हैं । जो कि भूत भविष्य वर्तमानकालिक पदार्थमात्र का ईशान हैं। इस सर्व नियामकत्व रूप धर्म के कथन से सिद्ध होता है कि वह परमात्मा है । क्योंकि सर्व निया-

वेद निहितं गुहायाम्" इत्यादिभिः सर्वगतस्यापि परमात्मनो हृदय-लक्षणगुहायां नित्यमवस्थानं श्रूयते। तथा "या प्राणेन सम्भवत्यदिति-र्देवतामयी गुहां प्रविश्य तिष्ठन्ती या भूतेभिः" इत्याद्यनेक वाक्येषु यद् हृदयप्रदेशे परमात्मनोऽवस्थानं दृश्यते एव। तस्मादत्र जीवपरमा-त्मानौ गुहायां प्रविष्टाविति निश्चीयते। यद्यपि ऋतपानकर्तृत्वं परमेश्वरे स्वभावतो न विद्यते किन्तु कर्मजनितफलभोक्तृत्वं जीवस्यैवेति बुद्धि—जीवयोरेवात्र ग्रहणं कर्त्तव्यं नतु जीव परमात्मनो ग्रहणं न्याय्य-मिति। तथापि परमात्मा कर्मफलमभुञ्जानोऽपि समुपभुञ्जन्तं जीव-मुपभोजयति'शत्रूनगमयत्स्वर्गं'मितिवदुपपद्यते। तदाहुर्भाष्यकाराः"अथवा जीवःपिबति परमात्मा पाययति एवमपि पिबतीत्येवमुच्यते। पाचयि-तर्यपि पक्तृत्व प्रसिद्धिदर्शनात्। अनन्यशरणं भक्तार्पितकर्मफलस्याग्र-भोक्तायं परमात्मेति प्रसिद्धश्च। तस्मात्स्पष्टजीवपरमात्मलिङ्गाज्जीव परमात्मानावेव गुहाप्रविष्टाविति" (आनन्दभाष्यम् १।२।११) तस्मादत्र मकत्व गुण अनन्य साधारण परमात्मा का ही है। "एवं मत्तं दुर्दर्शं गूढ़-मनु प्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्। अध्यात्मयोगाधिगमेन नित्यं ज्ञात्वा देवं हर्षशोकौ जहाति"। "या प्राणेन संभवति" इत्यादि अनेक वाक्यों में परमात्मा का ही प्रतिपादन देखने में आता है। इसलिए अपरिच्छिन्न परि-माणक परमेश्वर का अवस्थान परिच्छिन्न हृदय में नहीं हो सकता है यह कह करके जो जोवेश्वर पक्ष का निराकरण करने का साहस किया गया था वह परास्त हो गया। क्योंकि अनेक श्रुति प्रमाण से बतलाया गया कि हृदय में परमेश्वर का अवस्थान है। और "ईशानो भूतभव्यस्य" इत्यादि फल भोक्तृत्व चेतन जीव में नहीं है। बुद्धि जड़ है। उसमें कर्मफल भोक्तृत्व तथा सर्व नियामकत्व की संभावना भी नहीं होती है इसलिए बुद्धि जीव पक्ष तो सर्वथा बाधित होने से अनुपपन्न ही है। जीव परमेश्वर पक्ष श्रुति युक्ति अनुभवात्मक प्रमाणानुमोदित होने से सर्व सामंजस्य

विशेषणाच्च ।१।२।१२।

"ब्रह्मजज्ञं देवमीडयम्" [का० १।१।११।] इत्यादिषु परजीवयोरेवोपास्योपासकत्वेन विशिष्टतया प्रतिपादनात् तावेवात्रोच्येते ॥१२॥

इति श्रीरघुवरीयवृत्तौ गुहाप्रविष्टाधिकरणम् ॥३॥

परमात्मन एव ग्रहणं न्याय्यं नान्यस्येति दिक् ॥११॥

विवरणम्— न केवलं पूर्वोदाहृतश्रुतिरेव गुहाप्रविष्टौ जीवपरमेश्वरावेवेतिब्रूते किन्तु प्रकरणेऽस्मिन् तावन्ति बहूनि विशेषणानि सन्ति यैरकामेनापि जीवपरयोरेव ग्रहणं भवतीति प्रकाशयितुमाह "ब्रह्मजज्ञ" मित्यादि । "ब्रह्मजज्ञं देवमीडयं विदित्वा निचाय्येमां शान्तिमत्यन्तमेति" तत्र ब्रह्मणा परमेश्वरेण जातो ब्रह्मजो जीवः स चासौज्ञश्च ज्ञानाधिकरणत्वात् ज्ञः, अथवा विषयजातं जानातीति

होता है । अतः जीवेश्वर पक्ष ही समुचित हैं ॥११॥

सारबोधिनी— "ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके" इत्यादि श्रुति में कर्मफल का पानकर्त्ता कोई अवगत होता है । तो उसमें पान कर्तृत्व बुद्धि जीव में है । अथवा जीव और परमात्मा में है । एतादृश संशय के बाद परमेश्वर तो आप्तकाम है । इसलिए जीव-परमेश्वर पक्ष ठीक नहीं है । किन्तु जीव बुद्धि पक्ष ही ठीक है ऐसा पूर्वपक्ष करके उत्तर किया गया कि इस प्रसङ्ग में जीव परमेश्वर पक्ष ही ठीक है । ऐसा पूर्वसूत्र में विचार किया गया है । परन्तु इतना ही मात्र कथन पर्याप्त है सो नहीं पर इस प्रकरण में बहुत ऐसे विशेषण हैं, जैसे 'उपास्य' उपासकभाव, तथा 'गन्तृ गन्तव्यादिक' का प्रतिपादन किया गया है । परमात्मा गन्तव्य है, जीव गन्ता है । जीव उपासक है और परमेश्वर उपास्य है । परमात्मा की उपासना से जीव को श्रीरामपद की प्राप्ति होती है ऐसा कहा गया है । तो ये सब बात तब ही बन सकती है जबकी इस प्रसंग से जीव-परमात्मा का ग्रहण किया जाय । इस बात को बतलाने के लिए प्रक्रम करते हैं "ब्रह्म जज्ञम्" इत्यादि । [ब्रह्म परमात्मा

अथान्तराधिकरणम्

अन्तर उपपत्तेः ।१।२।१३।

"य एषोऽन्तरक्षिणि पुरुषो दृश्यते एष आत्मेति होवाच, [छा०

ज्ञः–ब्रह्मजश्चासौ ज्ञश्चेति ब्रह्मजज्ञोजीवः, तं देवमीड्यं जीवं विदित्वा अर्थाज्जीवात्मानमुपासकं ब्रह्मरूपतया चेतनत्व धर्मपुरस्कारेणावगम्येत्यर्थः । तञ्च ज्ञात्वात्यन्तशान्ति मोक्षं प्राप्नोति । एवं "सोध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम्" [सो भक्तिद्वारेण समुपासित उपासको जीवो विष्णोः परमपुरुषस्य श्रीरामस्य पदं साकेताख्यं स्थानं मोक्षं प्राप्नोति नियमत इत्यर्थः] इत्यादि बहुशः स्थलेषु प्राप्यत्व प्रापकत्व उपास्यत्वोपासकत्वादि विशेषणानां दर्शनाज्जीवपरमात्मानावेव प्रकृतस्थले परिगृहीतौ भवतो नतु बुद्धिजीवाविति दिक् ॥१२॥

इति जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य रामप्रपन्नाचार्य योगीन्द्र कृतस्य श्रीरघुवरीय वृत्तिविवरणस्य गुहाप्रविष्टाधिकरणं तृतीयम् ॥३॥

से उत्पन्न ज्ञानवान् जीव को देवमीड्य जान करके अर्थात् एतादृश जीवात्मा उपासक ब्रह्म को स्वरूपतया जान करके अति शांति स्वरूप मोक्ष को प्राप्त करता है ।] इस श्रुति में जीव को उपासक तथा परमात्मा को उपास्य रूप से कथन किया गया है । एवं "आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेवतु" इत्यादि प्रकरण में रथी रथादि की कल्पना करके संसार से मोक्ष मार्ग में जानेवाला गन्ता जीव है ऐसा निश्चय करके "सोध्वनः परमाप्नोति" इसमें परमात्मा को गन्तव्य बतलाया गया है । ये सब बातें तब ही बन सकती जब कि जीव परमात्मा पक्ष का ग्रहण किया जाय । इस प्रकार बुद्धिजीवपरिग्रहण पक्ष ठीक नहीं है। किन्तु जीव परमात्मा पक्ष ही उचित तथा आवश्यक है ॥१२॥

॥ इति गुहाप्रविष्टाधिकरणम् ॥

४।१५।१।] इत्युपकोशलविद्यायामाम्नायते । किमत्र चक्षुरिन्द्रियाधिष्ठाता कश्चिज्जीवविशेषोऽभिधीयते परमात्मावेति संशयः । श्रुतौ "दृश्यते" इति प्रत्यक्षवन्निर्देशाच्चक्षुषः स्थानविशेषस्य निर्देशाच्च जीवविशेष एवात्रोपदिश्यत इति पूर्वपक्षः । अत्राभिधीयते परमात्मैवात्रोपदिश्यते । 'एतदमृतमभयमेतद्ब्रह्म" इत्युपदिष्टगुणानां तत्रैवोपपत्तेः । नहि जीवात्मनोऽमृतत्वादिगुणकत्वं सम्भवति ॥१३॥

विवरणम्—छान्दोग्योपनिषद उपमोशलविधायाम् "य एषोऽन्तरक्षिणि पुरुषो दृश्यते एष आत्मेति होवाच । एतदमृतमभयमेतद्ब्रह्म" इत्येवं श्रूयते । [अक्षिणि चक्षुषो मध्यभागे य एषः प्रत्यक्षरूपेण दृश्यमानः पुरुषः पुरुषाकारो दृश्यते सर्वैरेवानुभूयमानो भवति, अयमेव आत्मा स च परिदृश्यमानोऽमृतम्. अमृतस्वरूपस्तथा अभयात्मको ब्रह्म स्वरूपश्चेत्यर्थः ।] अत्रात्मपदस्य श्रवणात् स जीवात्मा परमात्मा वा ? यत् आत्मपदस्य जीवे परमात्मनि चोभयत्र प्रयोगदर्शनात् । तत्र नियामकस्यैकस्य हेतु विशेषस्याभावात् स्वभावत एव संशयकारणस्य साधारणधर्मदर्शनस्य सत्त्वाद् भवति संशयः । यथा स्थाणुपुरुषसाधारणस्योच्चैस्तरत्वस्य दर्शनेन

सारबोधिनी— "य एषोऽक्षिणीत्यादि" जो यह अक्षि अर्थात् नेत्र में पुरुष देखने में आता है यही आत्मा है । ऐसा कहा इस प्रकार से छान्दोग्योपनिषद् के उपकोशल विद्याप्रकरण में देखा गया है । अब यहाँ सन्देह होता है कि चक्षुरिन्द्रिय के अधिष्ठाता कोई जीव विशेष है । अथवा परमात्मा है । क्योंकि आत्मपद उभय साधारण है । लोकप्रसिद्धि तथा शास्त्र से भी आत्मपद वाच्यत्व जीव को है । और स्थल विशेष में आत्मपद वाच्यता परमेश्वर को भी है । तो उभय साधारण शब्द का दर्शन होने से यहाँ स्वभावतः संदेह उपस्थित होता है । जैसे स्थाणुपुरुष उभय साधारण उच्चैस्तरत्व धर्म को देखने से यह स्थाणु है कि पुरुष है, ऐसा संदेह हो जाता है । तद्वत्

स्थाणु र्वा पुरुषोवेति संशयो जायते, तद्वदिहापि जीवपरमेश्वरो भयसाधारणस्यात्मपदस्य सत्त्वाद् भवति संशयो यदिह जीवात्मा परिगृहीतव्य उपासनाय अथवा परमात्मा वेति संशये भवति पूर्वपक्षो यदत्र जीवस्यैव ग्रहणं कर्त्तव्यम्. कुत? समुदाहृतश्रुतौ "दृश्यते" इति प्रत्यक्षरूपेण निर्देशदर्शनात्. दृश्यते घटः पटश्चेत्यादिवत्। तथा चक्षुरूपेन्द्रियस्थानस्यापि निर्देशः कथनं भवति। जीवो हि शरीरेन्द्रियाणामधिष्ठाता चाक्षुषप्रत्यक्षकाले चक्षुषन्निहितो भवति। परमात्मा तु सर्वव्यापकः परममहांश्च स कथमिवाल्पपरिमाणकचक्षुषि सन्नियतो भविष्यति नहि सर्वत्रावस्थितस्य प्रदेशविशेषेऽवस्थानं स्वाभाविकं स्यात्। जीवस्य तु शरीरादिकमुपभोगस्थानमिति तत्र तस्य समावेशः स्वाभाविक एव अन्यथा तदिन्द्रियद्वारकोपभोगस्यैवासंभवप्रसंगात्। तस्माज्जीव एव चक्षुषि समाविष्टो नतु परमात्मेति पूर्वपक्षस्याशय इति॥

तमिमं पूर्वपक्षं निराकर्तुमाह सूत्रोपन्यासमुखेन "अत्राभिधीयते" इत्यादि। नात्र जीवस्य ग्रहणं किन्तु परपुरुषस्यैवात्मपदेन ग्रहणं कर्त्तव्यमिति सिद्धान्तप्रज्ञापकं विशेषहेतुमाह "एतदमृतमभयमित्यादि। अत्र अन्तरः परमात्मैव नतु जीवः। कुतः? उपपत्तेः। उपकोशलविद्याप्रकरणे समुपदिष्टा ये गुणास्तेषामुपपत्तिः समन्वयः परमात्मन्येव संभवति, नतु परमात्मभिन्ने संभवति त-

प्रकृत में संदेह होता है कि यहाँ जीवात्मा का ग्रहण होना चाहिए अथवा परमात्मा का इस स्थिति में पूर्वपक्ष होता है कि श्रुति में "दृश्यते" इस प्रकार प्रत्यक्ष के समान निर्देश होने से और चक्षु रूप स्थान विशेष का निर्देश होने से कोई जीव विशेष ही निर्दिश्यमान होता है। क्योंकि प्रत्यक्ष काल में जीव चक्षु में सन्निहित रहता है। परमात्मा तो आधारवान् जीव की तरह नहीं हैं सर्वव्यापक है। तो उनका स्थान विशेष से कथन तो

स्मात्परमात्मैवात्र ग्राह्यः। के ते गुणास्तत्र समुपदिष्टा येषां परमात्मव्यतिरिक्ते समन्वयो न संभवति इति तान् परमात्मनोऽसाधारणान् धर्मानेवोपदर्शयति "एतदमृतमभयमित्यादि। एतदमृतमभयमेतद् ब्रह्मेति श्रुति प्रतिपादितायेऽनन्यसाधारणा धर्मास्तेषां परमात्मव्यतिरिक्ते समन्वयासंभवात् नहि तद् व्यतिरिक्ते स्वभावत एते धर्मा समवेताः संभवन्ति तस्मिन तु निराबाधिता एव भवन्ति। नहि निरुपाधिकममृतत्वं भयराहित्यं च जीवे किन्तु परमात्मप्रसादादेव कदाचिदाविर्भवति तस्मिन्नपि। निरूपाधिरूपेण तु समुपदिष्टा एते गुणा परमात्मन्येव। तस्मादेतेषां धर्माणामन्यत्र समन्वयासंभवात् परमात्मैवात्र संभवति नतु जीवः। एवं समदमत्वादिका धर्मा ये "एतेसंयद्वाम" इत्याचक्षते एतेहि सर्वाणि वामान्यभिसंयन्ति एष उ एव वामनिः एष एव हि सर्वाणि वामानि नयति" इति श्रुतिवाक्य प्रतिपादिता ये धर्मास्तेषामपि समन्वयः परमात्मन्येव संभवति। नतु तद्तिरिक्ते समन्वयः कथमपि नेतुं शक्य इति परमात्मैवात्र ग्राह्य इति सिद्धान्तः॥ अत्रभाष्यकारस्तु किमयं प्रतिबिम्बात्माह्यक्षाधारतया निर्दिश्यते, अथवा चक्षुषोऽधिष्ठाता देवताविशेषः कश्चित् प्रतिपादितो युक्त नहीं है। अतः यहाँ जीव का ही ग्रहण होना चाहिए, परमात्मा का नहीं। इस प्रश्न के उत्तर में कहते हैं "अत्राभीधियते" यहाँ परमात्मा का ही ग्रहण होता है जीव का नहीं। क्योंकि इस प्रकरण में जिन धर्मों का प्रतिपादन किया गया है "एतद मृतम्" इस श्रुति से अमृतत्व अभयादिकत्व रूप से उनका समन्वय तो केवल स्वभावतः परमात्मा में ही हो सकता है। तादृश सम्बन्ध तो जीव में नहीं हो सकता है। क्योंकि अमृतत्वादिक गुणों का सम्बन्ध तो जीव में बाधित है। एवं जीव में संयद्वामत्वादिक गुणों का भी समन्वय नहीं हो सकता है और परमेश्वर में ही तादृश गुणों का स्वभाव से संबन्ध होता है। इसलिए यहाँ परमात्मा का ही ग्रहण किया जाता

स्थानादिव्यपदेशाच्च ।१।२।१४।

'यश्चक्षुषि तिष्ठन्' इत्यादिवाक्यैस्तस्य सर्वगतस्यापि ब्रह्मणः स्थानादिप्रतिपादनात्परमात्मैवाक्ष्यन्तरः ॥१४॥

भवति, अथवा शरीरेन्द्रियाणां संचालको जीवोऽभिमतः अथवा सर्वकारणः परमात्मात्र प्रतिपादितो भवतीति संशय्य प्रतिबिम्बस्य अधिष्ठातृदेवविशेषस्य जीवस्यैव ग्रहणं नतु परमात्मनो ग्रहणमित्येवं पूर्वपक्षं कृत्वा 'उपपत्ते' रिति हेतुना परमात्मन एव ग्रहणं भवति नतु प्रतिबिम्बस्याधिष्ठातुर्वाजीवस्य वेति ग्रहणमिति निर्णयं कृतवान् ॥१३॥

विवरणम्-"य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते" इति श्रुतावक्ष्यादि स्थानविशेषस्य निर्दिश्यमानत्वेन परमात्माऽक्षिगतपुरुषरूपेण ग्रहितुं शक्यते यतः परमेश्वरस्य निरुपाधिकस्थानाभावात्, परमात्मा है। नतु छायात्मा का अथवा अधिष्ठाता देव का न वा जीव का ही ग्रहण होता है अमृतत्वादिक गुणों का संबन्धापपत्ति होने से ॥१३॥

सारबोधिनी-"य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते" जो पुरुष इस अक्षि में देखने में आता है वह जीवात्मा है अथवा परमात्मा है, एतादृश सन्देह होता है। तब पूर्वपक्ष हुआ कि यहाँ चक्षुरूप स्थान का कथन किया गया है इसलिए जीव का ही ग्रहण करना चाहिए। परमात्मा का ग्रहण नहीं क्यों कि परमात्मा तो सर्वव्यापक तथा परम महान् है। तो परमात्मा का स्वल्प परीमाणक चक्षुमें अवस्थान नहीं हो सकता है। इस प्रश्न का उत्तर करने के लिए सूत्र का अवतरण करते हैं "यश्चक्षुषि तिष्ठन्" इत्यादि। [जो चक्षुके मध्यमें रहता है। जिसको चक्षु नहीं समझ सकता है। जिसका शरीर चक्षु है जो चक्षु का नियंत्रण करनेवाले हैं।] इत्यादि अन्तर्याम्यधिकरण वाक्य से सर्वगत सर्वव्यापक परमात्मा परमब्रह्म का भी स्थान का कथन किया गया है। इसलिए नेत्र के अन्तर्भाग में अवस्थित परमात्मा ही है। अर्थात् प्रकृत स्थल में नेत्र के अभ्यन्तर में परमात्मा ही है। क्योंकि परमात्मा

अक्षिगततया न ग्रहितुं शक्यते. स्थानाभावादित्याद्यनुमानेन परमेश्वरपक्षं निराकृत्य जीवस्यैव व्यवस्थापितम् । तत्र स्थानाभावहेतुं निराकर्तुं सूत्रमुपस्थापयन प्राह "यश्चक्षुषि तिष्ठन्" इत्यादि, यः परमात्मा चक्षुषि तिष्ठति चक्षुषोऽन्तरः तथायं परमात्मानं चक्षुर्नविजानाति यस्य परात्मनश्चक्षुः शरीरम् तथा यः परमात्मा चक्षुरन्तर्यमयति इत्यादि अन्तर्याम्यधिकरणकश्रुतिवाक्यैस्तदन्यवाक्यैश्च. स्वभावतः सर्वव्यापकस्यापि परब्रह्मणः स्थानविशेषप्रतिपादनात् स्थानविशेषे चक्षुषि परमात्मा विद्यते एवेति न परमेश्वरस्य स्थानाभावो येन "य एषोक्षिणि" एतद्वाक्ये न परिगृहीतः स्यादपितु परमात्मैव परिगृहीतो भवतीति । अर्थात् चक्षुषोऽन्तरे परमात्मैव कुतः ? स्थानव्यपदेशः परमात्मनोऽपि दृश्यत एव । "यश्चक्षुषि तिष्ठन्" इत्याद्यन्तर्याम्यधिकरणेन सर्वगतस्यापि सर्वकारणस्य परमे-

का जो स्थान है उसका कथन किया गाया है । तथाहि अन्तर्यामी अधिकरण में "यश्चक्षुषि तिष्ठन् इत्यादि जो चक्षु में रहता हुआ चक्षु के अभ्यन्तर है। जिसको चक्षु नहीं जानता है । जिसका चक्षु शरीर है । जो चक्षु को नियंत्रित करता है। यह परमात्मा अन्तर्यामी अमृत स्वरूप है इत्यादि वेदान्त प्रकरण में सबका अन्तरात्म स्वरूप सर्वकारण परमात्मा परम पुरुष का, चक्षुस्थान का, चक्षुरन्तत्व चक्षुशरीरत्व चक्षु नियन्तृत्वादिका कथन किया गया है। इसलिए "य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते" इत्यादि स्थल में तादृश परमात्मा ही प्रतीयमान होते हैं। जिस तरह सर्वत्र विद्यमान भी वह्नि काष्ठादिक स्थान विशेष में उपलब्ध होता हैं। इसी तरह सवत्र भगवान् व्याप्त है। तथापि चक्षुरादिक संकुचित स्थान में भी उपासक के लिए आविर्भूत होते हैं। यथा वा आकाश सर्वव्यापक है तथापि घटादिक प्रदेश में भी उपलब्ध होता हुआ यह घटाकाश है यह मठाकाश है। इत्यादि व्यपदेश योग्य होता है। इसी तरह परमात्मा भी चक्षुरादि अल्पपरिमाणक

सुखविशिष्टाभिधानादेव च ।१।२।१५।

परमात्मन एव निरतिशयसुखवत्तया 'कं ब्रह्म खं ब्रह्मे'ति वाक्येऽभिहितत्वात्स एवात्रोपास्यतया निर्दिश्यते ॥१५॥

श्वरस्य सर्वान्तरात्मनश्चक्षुःस्थानत्व चक्षुरभ्यन्तरावस्थितत्व, चक्षुः शरीरत्वादीनां प्रतिपादनात्. "य एषोऽक्षिणि दृश्यते" इत्यत्र स एव परमात्मा प्रतीयते । स कृपालुर्भगवान् भक्तानुग्रहाय स्थानविशेषमपि सौकर्याय स्वीकरोतीत्यतः परमात्मैव गृहीतो भवति नतु जोव इति संक्षेपः ॥१४॥

विवरणम्—एवं हि छान्दोग्योपकोशलविद्यायां श्रूयते. उपकोशलो हि सत्यकामो ब्रह्मचर्यमुवास । स्वकीयाग्नीन् द्वादशवर्षाणि यावत् परिचचार । स चान्योऽन्यान् वेदमध्याप्य समावर्तनमप्यकरोत्. परन्तु तमेवैकमुपकोशलं न समावर्तयतिस्म । ततोतिखिन्नमनातमग्निपरिचरणे

स्थानमें उपलब्ध होने से चक्षुरधिकरणक कहलाते है इसलिए, "य एषोऽक्षिणि पुरूषो दृश्यते" इस जगह में पुरुष पद से परमात्मा का ही ग्रहण होता है । किन्तु जोवात्मा अथवा छायात्मा अधिष्ठाता देवों का ग्रहण नहीं होता है ॥१४॥

सारबोधिनी—य एषोऽक्षिणि पुरूषो दृश्यते"इस वाक्य से अवगत अक्षि में रहनेवाला पुरुष परमात्मा है अथवा जीव है । इत्याकारक संशय होता है । तदनन्तर स्वल्परिमाणक स्थान में अवस्थान होने के कारणसे जीव को ही होना चाहिए परमात्मा नहीं इस पूर्वपक्ष का निराकरण उपपत्ति स्थानादि व्यपदेश हेतु द्वारा सिद्ध किया गया कि अक्षि स्थान में अवस्थित परमात्मा ही है । इस बात का निश्चय पूर्व कथित सूत्र द्वय से ही सिद्ध होता है सो नहि किन्तु नित्य निरतिशयात्मक विलक्षण सुख विशिष्ट परमात्मा का कथन होने से भी अक्षि स्थान वृत्तित्व परमात्मा का ही है जीवादिका ग्रहण नहीं होता है । इस बात का प्रतिपादन करने के

कृतप्रयत्नमुपकोशलमग्नय एत्योपेत्य परमभक्ताय तस्मै ब्रह्मविद्यामुक्तवन्तः "प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्म" इति। तत उपकोशल उवाच जानाम्यहं प्राणो ब्रह्मेति स च सूत्रात्मा विभूतिमत्तया ब्रह्मस्वरूपाविर्भावात् ब्रह्मेति। परंतु 'कं च खं च ब्रह्म' इति तु न जानामि. नहि लौकिकं सुखं ब्रह्म भवितुमर्हति. नवा लोकप्रसिद्धं खं भूताकाशमचेतनं ब्रह्म भवितुमर्हति। तदनन्तरं तस्मै प्रत्युचुरग्नयः "यद्वाव कं तदेव खं यदेव खं तदेवकम्" इति। एवं संभूय कथयित्वा प्रत्येके स्वविषयां विद्यामूचुः "पृथिव्यग्निरन्तमादित्य" इत्यादिना। पुनस्तेऽग्नय एतमुपकोशलं संभूयोचुः "एषा सोम्यतेऽस्मद्विद्या. प्रत्येकं कथितस्वविषया. आत्मविद्या च याऽस्माभिः संभूय पूर्वं कथितः "प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्मेति" आचार्यस्तुतेगतिं वक्ता ब्रह्मविद्येयमस्माभिरुक्ता गतिमात्रं त्ववशिष्टं नोक्तं तत्तु विद्याफलफलप्राप्त्यर्थं तवाचार्यो जाबालो वक्ष्यतीति कथयित्वा. उपरता अभवन्नग्नय इति। तदेवं व्यवस्थिते "यद्वावकं तदेव खं यदेव खं तदेवकम्" एतदंशस्य

लिए सूत्र का अवतरण करते हुए कहते हैं "परमात्मा एव नित्य निरतिशयेत्यादि। 'कं ब्रह्म खं ब्रह्म" इस वाक्य में नित्यनिरतिशय विलक्षण सुख के अधिकरण रूप से सर्व जगत् कारण परम पुरूष का ही प्रतिपादन होने से "य एषोऽक्षिणि" इस स्थल में भी उपास्यत्व रूप से परमात्मा का ही ग्रहण होता है। किन्तु सामय विषय संपर्क जनित लौकिक सुखवान् जीव का ग्रहण नहीं होता है। क्योंकि जीव स्वकृत शुभाशुभ कर्म पराधीन होने से नित्य सुखवान् नहीं हैं। अपितु सर्व तंत्र स्वतंत्र सर्वशक्तिमान् हेयप्रत्यनीक अनेक कल्याण गुणाधिकरण भगवान् श्रीरामजी साकेताधिपती ही एतादृश सुख का आगार होने से उस परमात्मा का ही अक्षि वृत्तित्वेन उपास्यतया ग्रहण होता है। यद्यपि 'अथैनंगार्हपत्योऽनुशास' इत्यादि प्रकरण से मध्य में तो अग्निविद्या का उपदेश हुआ है। तब अक्षिस्थान में रहने वाला परमात्मा

व्याख्यानं कर्तुं प्रवर्तते "परमात्मनः" इत्यादि । परमात्मनः परमपुरुषस्य भगवतः श्रीरामस्यैव निरतिशयापरिमितानवच्छिन्ननित्यसुखवत्तया "कं ब्रह्म खं ब्रह्म" इत्युपकोसलीयवाक्येऽभिहितत्वात्स एव सर्वकारणरूपः परमात्मा प्रकृतेऽक्षिस्थानवृत्तित्वेनोपासनाविषयो भवति. नतु जीवोऽत्र समुपास्यतया परिगृहीतो भवति, तस्य निरतिशयसुखवत्तयाऽप्रतीतेर्न कदाचिदपि स नित्यसुखादिमानिति । नवा छायात्मा अधिष्ठातृदेवोवा प्रकृते ग्राह्यो निरतिशयसुखवत्त्वाभावादपितु निरतिशयसुखादिमान् परमात्मैव परिगृहीतो भवति नित्यनिरतिशयसुखविशिष्टाभिधानादिति ॥

श्रीमदानन्दभाष्यकारास्तु स्वाभिप्रायमित्थमत्र विवेचयन्ति. तथाहि वक्ष्यमाण हेतुना नेत्राधारः पुरुषः पुरुषो न जीवादिरपितु सर्वजगत्कारणोनित्यनिरतिशयसुखादिमान् स्वेच्छया सर्वं कर्तुमकर्तुं समर्थः सर्वशक्तिसंपन्न एवाक्षिस्थाने वर्तते । यतः "प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं

है यह किस प्रकार से कहा जाता है ? तथापि "तस्मै होचु प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्मेति" "य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते स एव आत्मेति होवाचैतदमृतमभयममृतमेतद् ब्रह्मेति" [इसके बाद उन अग्नियों ने उपकोसल को कहा कि हे उपकोसल प्राण ही ब्रह्म है । सुख स्वरूप ब्रह्म है । खं आकाश के समान व्यापक ब्रह्म है ।" जो यह अक्षि स्थान में पुरुष देखने में आता है । यही आत्मा है । यह अमृत स्वरूप है । यह भय रहित है और यही रूप है ।"] इस प्रकार से उपक्रम तथा उपसंहार में श्रूयमाण ब्रह्म शब्द के होने से मध्य में उपदिश्यमाण जो यह अग्निविद्या है यह ब्रह्म विद्या का ही अङ्ग है । इस प्रकार से अङ्गागीभाव से कथन होने पर फल कथन अर्थवाद मात्र हैं । एवं "सर्वमायुरेति" सब प्रकार के आयु को प्राप्त करता है, अर्थात् शतायु होता है इत्यादि श्रुत्यधिगत फल भी मोक्ष कामनावान् को अनुकूल ही है । यहाँ मोक्ष विरोधी किसी भी गुण को कथन

अत एव च तद्ब्रह्म ।१।२।१६।

अत एव परस्वरूपपरिज्ञानाय पृच्छन्तमुपकोशलं "यद्वाव कं तदेव खम्" [छा० ४।१०।५] इति परस्परवैशिष्ट्यप्रतिपादनेन निरतिशय-सुखविशिष्टं तद्ब्रह्मैवाग्निभिरुपदिष्टम् ॥१६॥

ब्रह्म" इत्यादि उपकोसलविद्याप्रकरणे नित्यनिरतिशयानन्यसाधारण सुखविशिष्टस्य प्रकृतस्य परमात्मनो ब्रह्मणोऽक्षन्तर्वर्तित्वेन संयद्वाम-त्वादिगुणाद्यधिकरणतया समुपास्यमानत्वेन प्रतिपादनात् । तस्मादक्ष्याधारः पुरुषः समस्तजगत्कारणः परमात्मैव प्रतिपादितो भवति नतु जीवादिरिति संक्षेपः ॥१५॥

विवरणम्—अथ "प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्म" अस्मिन् वाक्ये श्रूयमाणः 'क' शब्दः 'ख' शब्दश्च कथं निरतिशयसुखात्मकं परमात्मानं बोधयिष्यति. यतः क शब्दो यद्यपि सुखवाचकस्तथापि लोकसि द्धसुखबोधनेनैव तच्छक्तेः परिसमाप्तत्वात् । तथा ख शब्दोऽपि लोकप्रसिद्धभूताकाशस्यैव बोधकः आकाशगतव्या-पकत्व धर्मपुरस्कारेण यदि परमात्मानं बोधयेत्तदा लक्षणावृत्तेराश्रय-णीयतया गौरवप्रसङ्गात् सत्यां शक्तौ लक्षणाया जघन्यत्वात् । तस्मात्

नहीं है। तस्मात् यह सिद्ध होता है कि अक्षिस्थानगत परमात्मा ही उपास्य है ॥१५॥

सारबोधिनी—पूर्वसूत्रके प्रसंग में कहा गया कि "प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्म" इस श्रुति के बल से अक्षिस्थान गत परमात्मा ही उपास्य है जीव नहीं किन्तु यह कथन तो ठीक नहीं है। क्योंकि "प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्म" इस वाक्य के अन्तर्गत जो क तथा ख शब्द हैं वे तो क्रमशः क शब्द सुखवा-चक है। सुख तो वैषयिक सुख का भी तो सुख ही विषय संपर्क जनित सुख को व्यक्ति समझता है तथा ख शब्द भूताकाश में प्रसिद्ध होने से भूताकाश का ही बोधक है। नतु नित्यनिरतिशय सुखवान् परमात्मा का अपितु इस

श्रुत्यन्तर्गतौ क-ख शब्दौ न क्रमशः परमात्मबोधकौ किन्तु क शब्दः सामयसुखवाचकःख शब्दश्च भूताकाशस्य वाचकौ न तु तौ निरतिशयसुख विशिष्टपरमात्मवाचकाविति कथमुक्तं यत् "प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्मेति" श्रुतिबलादक्षिस्थानगतः परमात्मैवोपासनीयो न तु जीवः। प्रकृते तद्विपरीतमेवापतीत "शान्तिकर्मणि वेतालोदयः" इति लौकिक न्यायविषयतां नातिक्रामतीति शंकामपाकर्तुम् "अत एव च तद्ब्रह्मेति" सूत्रमुदाहर्तुं वृत्तिकृत्प्राह "अत एव परस्वरूपेत्यादि। इतः पूर्वं ब्रह्म ज्ञानार्थं जिज्ञासमानाय विजानाम्यहं यत्प्राणो ब्रह्म परन्तु कं खं तु नाविजानामीत्येवं रूपेण प्रश्नं कुर्वते उपकोसलाय "यद्वाव कं तदेव खं यदेव खं तदेवकम्" इत्थं क ख शब्दयोः परस्परवैशिष्ट्यप्रतिपादनेन बोधयतोऽग्नेरयमाशयः प्रतीयते-यत् क शब्दः सामान्येन सुखवाचकः ख शब्दश्चाकाशवाचकः परन्तु परस्परं विशेषणविशेष्यतया प्रतीयमानौ क ख शब्दौ आकाशवत् अपरिच्छिन्नसुखमेव बोधयतः। ततश्चापरिच्छिन्नसुखाद्यधिकरणतया परमात्मैवार्थतो बोधितो भवतीति। ततश्चाकाशवदपरिच्छिन्नसुखस्य क-ख शब्दोक्तस्य कथनंमग्निभिः कृतमिति निरवच्छिन्नसुखविशिष्टं परब्रह्मवाक्षिस्थानतयाऽवगतं तदेवेहोपास्यतयाऽभिमतमिति। नत्वेतद्भिन्नं सुखमत्रविवक्षितं यतो वैषयिकसुखस्य परिच्छिन्नत्वेन ख शब्दबोधितपरमव्या-

श्रुतिवाक्य से तो जीव अक्षि स्थानगत रूप से उपस्थित होता है इस आशंका का निराकरण करने के लिए सूत्र का उत्थान करते हुए वृत्तिकार कहते हैं "अत एव पर स्वरूप परिज्ञानायेत्यादि जिसलिए "प्राणो ब्रह्म" इस श्रुति में निरतिशय सुख विशिष्ट प्रकृत परमात्मा का अक्षिस्थानता रूप से कथन है। तथा संयद्वामत्वादि गुण विशिष्टत्वेन उपास्यत्व का कथन किया गया है। इसी लिए परमपुरुष के ज्ञानेच्छा दि पूछते से उपकोसल को "यद्वाव कं तदेव खं यदेव खं तदेवकम्" इस श्रुति से परस्पर क ख में वैशिष्ट्य का प्रतिपादन

श्रुतोपनिषत्कगत्यभिधानाच्च ।१।२।१७।

परप्रतिपादेकामुपनिषद्विद्यामधीतवतामर्चिरादिगतिर्भवतीत्याम्नायिकः समयः सैव गतिरत्र "तेऽर्चिषमेवाभिसम्भवन्ति" [छा० ४।१५।५।] इत्यादि श्रुतिभिरुपदिष्टेत्यक्षिस्थानः परमात्मैव ॥१७॥

पक्षे समन्वयासंभवादिति । अतः परमात्मैवाक्षिस्थानगतत्वेनोपास्यो नतु जीव इति स्थितम् ॥१६॥

विवरणम्—न केवलं परमेश्वरोपयुक्तस्थानस्य विलक्षणसुखविशिष्टस्य शास्त्रे कथनादेव प्रकृते नेत्राभ्यन्तरवर्ती परमात्मैव नतु जीवविशेषोऽक्षिणि वर्तते । किन्तु यः पुरुषोपनितपरमात्मविज्ञानवान्. तादृश पुरुषस्य ब्रह्मलोकप्राप्तये यो हि देवयानमार्गः श्रुतिप्रसिद्ध स्तादृशदेवयान मार्गस्यात्रापि प्रतिपादनात् ज्ञायते यत् प्रकृतस्थले नेत्राभ्यन्तरे परमात्मैव वर्तते नतु तद् व्यतिरिक्तः कश्चिदितरो जीवः । इत्याशयेन तादृशदेवयानमार्गप्रतिपादनाय प्रक्रमते "परप्रतिपादिकाम्" इत्यादि ।

करते हुए नित्यनिरतिशय सुख विशिष्ट जो परमात्मा वही यहाँ उपदिश्यमान हो रहे हैं । अतः तादृश परमात्मा ही अक्षि स्थानगत हैं जीव नहीं इतिसंक्षेप ॥१६॥

सारबोधिनी—केवल नित्यनिरतिशय सुख विशिष्ट का कथन है इसलिये "य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते" इस स्थल में अक्षिस्थानगत परमात्मा ही है जीव नहीं है इस बात को सिद्धि होती है ऐसा नहीं किन्तु जिसने परमात्म विद्या का अनुशीलन किया है उसको जिस मार्ग के द्वारा पुनरावृत्ति रहित ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है तादृश मार्ग विशेष देवयान का प्रतिपादन इस प्रकरण में उपलब्ध होता है । इसलिए देवयान मार्ग प्राप्ति ब्रह्मज्ञानी को हो होता है । अतः इस प्रकरण में अक्षिस्थान वृत्तितया परमात्मा का ही ग्रहण होता है । जीवादिकों का नहीं इस आशय से व्याख्यान करने के लिए प्रक्रम करते हैं परप्रतिपादिकामित्यादि परतत्त्व परमात्मा का प्रतिपाद

उपनिषत्सु प्रतिपाद्यमानः पुरुषः उपनिषत्कः श्रुतस्तादृश उपनिषत्कः परमात्मा येन स श्रुतोपनिषत्कः श्रुतोपनिषत्कस्य परमात्मविषयकविज्ञानवतः पुरुषस्य ब्रह्मलोकगमनाय या गतिः यो हि मार्गो देवयानादिकः पन्थाः तादृशगतेर्देवयानमार्गस्यात्र प्रकृते प्रतिपादनादत्राक्षिस्थानगतः परमात्मैवनान्यो जीवादिरिति सूत्रार्थः ।

परप्रतिपादिकाम्=परमतत्त्वप्रतिपादिका या उपनिषद्विद्या. तादृशपरमात्मविद्यामवगतस्य प्राप्तस्य पुरुषस्य साकेताभिधब्रह्मलोकस्य पुनरावृत्तिरहितस्य प्राप्तये. या गतिर्यो हि देवयानलक्षणो मार्गः प्रतिपादितः स एव मार्ग इहापि प्रदर्शितस्तस्मादक्षिस्थानगतः परमात्मैवेह परिगृह्यते । तत्र "तेर्चिषमेवाभिसंभवन्ति" इत्यादि श्रुतयस्तादृशगतिप्रतिपादिकाः सन्ति । ततोऽक्षिस्थानगतः परमात्मैव भवतीति ।

अयं भावः । अस्मादपि कारणात् परमात्मैवाक्षिस्थानगतो भवति. यतः श्रुतोपनिषत्कस्य श्रुतिरहस्य विज्ञानतो ब्रह्मज्ञानिनो ब्रह्मलोक प्राप्तये या गतिर्देवयानाख्यो मार्गः श्रुतिषु प्रतिपादितः "अथोत्तरेण तपसा

करनेवाली जो उपनिषद्विद्या तादृश परमात्म ज्ञानवान् उपासक को अर्चिरादि मार्ग से गमन होता है ऐसा वेदार्थ ज्ञान पुरूष का सिद्धान्त है। वही अर्चिरादिक गति देवयान मार्ग से लोग अर्चिष में आते हैं इत्यादि श्रुति में देवयान पथ का उपदेश किया गया है इसलिए अक्षिस्थान में परमात्मा ही है यह निश्चित होता है । अर्थात् जिन्होंने परम पुरूष विज्ञान को प्राप्त करलिया हैं उनलोगों के लिए पुनरावृत्ति रहितदेवयान मार्ग प्रसिद्ध है श्रुतियों में, "अथोत्तरेण तपसा ब्रह्मचर्येण" यहाँ से लेकर के "एतस्मान्न पुनरावर्तन्ते" [इस सर्व दुःख रहित स्थान से पुनः इस मानव आवर्त में नहीं आता है ।] एवम् 'तेऽर्चिषमभिसंभवन्ति' यहाँ लेकर के 'तत्पुरुषोऽमानवः स एनान् ब्रह्म गमयत्येष देवपथो ब्रह्म पथ एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्त्तनावर्त्तन्ते' इत्यादि स्थल में परमात्म विज्ञानवान् पुरुषों के

अनवस्थितेरसम्भवाच्च नेतरः ।१।२।१८।

चक्षुरिन्द्रियाधिष्ठातृजीवविशेषस्य नियमेन चक्षुष्यनवस्थितेर मृतसंयद्वामत्वादिगुणानाञ्च तत्रासम्भवान्नजीवोऽक्षिस्थानः किन्तु परमात्मैव ॥१८॥

इति श्रीरघुवरीयवृत्तावन्तराधिकरणम् ॥४॥

ब्रह्मचर्येण श्रद्धया विद्ययात्मानमन्विष्यादित्यमभिजायन्ते. एतद्वै प्राणानामायतनमेतदमृतमभयमेतत्परायणमेतस्मान्नपुनरावर्तन्ते" एतदुपक्रम्य आदित्याच्चन्द्रमसं गच्छति ततो वैद्युतं स्थानं गच्छति. तत्र कश्चिदमानवः पुरुषः स एनान् ब्रह्म गमयति. स एष देवपथो ब्रह्मपथ एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्त्तं नावर्त्तन्ते" एष मार्गः श्रुतौ प्रतिपादितः । तस्मात् परमात्मज्ञानिनः परमपुरुषार्थदर्शनेन ज्ञायते यत् प्रकृतेऽक्षिस्थानगत परमात्मैव भवति नतु जीव इति ॥१७॥

विवरणम्—"य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते" इत्यत्राक्षिस्थाने विद्यमानः पुरुषः किं छायात्माकश्चिदधिष्ठातृदेवो विज्ञानात्मा परमात्मा वेति संशयः । तदनन्तरं श्रुतौपनिषत्कगत्यभिधानाच्च. लिए अनन्य साधारण देवयान मार्ग का कथन किया गया है । इस लिए यह सिद्ध होता है कि "य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते" इस प्रकरण में पुरुष पद से अक्षिस्थानगत सर्वशक्तिमान सर्वज्ञ परम पुरुष का ही ग्रहण होता है । क्योंकि अक्षिगत पुरुष का उपासक व्यक्तियों के लिए देवयान मार्ग का कथन है । अतः अक्षिस्थान गतपुरुष परमात्मा ही है । प्राप्त्यैश्वर्य भी कोई जीव नहीं ॥१७॥

सारबोधिनी—"य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते" "एष आत्मेति होवाच एतदमृतमभयम्" इस छान्दोग्य श्रुति में अक्षिस्थानगत पुरुष जाना जाता है । वह परमात्मा है । अथवा तदन्य कोई छाया है, या देव विशेष जीव है । एतादृश संशय के बाद परमात्मा सर्वव्यापक सर्वगत है । तो तादृश

इत्यादिभिः परमात्मन एवावस्थानमिति व्यवस्थापितम्. परन्तु छायात्मादीनामनवस्थानं यद्यप्यर्थतः सिद्धमेव जातम् । तथापि प्रतिपदोक्तरूपेण तेषामनवस्थानं प्रतिपादयितुं सूत्रान्तरमुपस्थापयति- अनवस्थितेरित्यादि । अत्र प्रकरणे पुरुषशब्देन इतरस्य परमात्म व्यतिरिक्तस्य छायात्मनो देवतात्मनो जीवस्य वा ग्रहणं न संभवति कुतः अनवस्थितेः । यदा कश्चित् पुरुषः स्वसमीपमागच्छति तदैव चक्षुषि प्रतिबिम्बो दृश्यते. अपगते च पुरुषे चक्षुषि छाया न पतति, इत्येवं रूपेण नियमतः प्रतिबिम्बस्यावस्थानं न भवति । एवं मृतपुरुषस्य चक्षुषि छाया न भवति. ततश्च छायात्मनो निराकरणम् । एवं चक्षुषि पुरुषेऽमृतत्वादयो गुणाः कथितास्ते परमात्मन्येव नतु छायात्मनि "अस्यैषनाशमन्वेति" इत्यादिना विनाशित्व प्रतिपादनात् । एवं देवोऽपि न चक्षुषि अवस्थितः यतो सूर्यादिषु आत्मत्वस्या

परमात्मा का स्वल्पदेशावस्थान असंभवित है । अतः छायादिक ही कोई है ऐसा पूर्वपक्ष करके उपपत्ति स्थान व्यपदेश सुख विशिष्टाभिधानादि हेतु के द्वारा परमात्मा का ही चक्षु में अवस्थान है, इस बात का भाष्याभिमत सिद्धान्त किया गया । इसके बाद उसी वस्तु को अनवस्थिति तथा असंभवात्मक हेतु द्वय से परमात्म पक्ष का दृढ़ीकरण तथा तदितर का निराकरण करने के लिए जो सूत्रकार का प्रयास है उसको बतलाने के लिए वृत्तिकार प्रक्रम करते हैं । यद्यपि परमात्म पक्ष का व्यवस्थित हो जाने से तदितर पक्ष का प्रतिषेध होता है । तव तदर्थं पुनः प्रयास अयुक्त है । ऐसा मालूम होता है तथापि प्रतिपदोक्तरूप से खण्डन करने के लिए कहते हैं— यहाँ अक्षिस्थानगत प्रतिबिम्ब नहीं है । क्योंकि वह तो अनवस्थित है । अर्थात् जब अपने आगे में कोई व्यक्त्यन्तर आता है तब ही आँख में छाया पड़ती है अन्यथा छाया नहीं पड़ती है । एवं मृत में शरीर छाया नहीं देखने में आती है । इसलिए चक्षु में छाया उपास्य रूप से परिगृहित

पदवाच्यता परमात्मा में ही है। किन्तु जीवादिक में नहीं है। इस बात को बतलाने के लिए सूत्रान्तर का अवतरण करते हुए कहते हैं—"मुण्डकादि श्रुतिषु" इत्यादि। आथर्वणिकों की मुण्डक श्रुति में कहा है कि "अग्निमूर्धा चक्षुषो चन्द्र सूर्यौ दिशः श्रोत्रे वाक् विवृताश्च वेदाः। वायु प्राणो हृदयं विश्वमस्य पद्भ्यां पृथिवी ह्येष सर्वभूतान्तरात्मा" जिस परमात्मा का मस्तक अग्नि है। सूर्यचन्द्रमा चक्षु हैं, तथा पूर्वादिक दिशा में ही शब्द ग्राहक श्रोत्र है, तथा विस्पष्ट वेद ऋगादिक ही वाणी है। वायु जिसका प्राण, तथा सम्पूर्ण विश्व ही हृदय है। और पृथिवी पैर प्रतिष्ठा स्थिति स्थान है। यह सर्वभूतों का अन्तरात्मा है। इसी प्रकार से महाभारतादिक अनेक स्थानों में जो परमात्मा के स्वरूपों का वर्णन किया है। वही स्वरूप यहाँ छान्दोग्य श्रुति में कहा गया है। इसलिए यह सिद्ध होता है कि वैश्वानर

शब्दादिभ्योन्तः प्रतिष्ठानाच्च नेति चेन्न तथा दृष्ट्युपदेशादसम्भवात्पुरुषमपि चैनमधीयते ।१।२।२७।

ननु 'स एष वैश्वानरो विश्वरूपः प्राणोऽग्निरुदयते' [प्र० १।७।] इत्यग्निशब्दसामानाधिकरण्यात् 'स यो हैतमेवाग्निं वैश्वानरं पुरुषविधं पुरुषेऽन्तः प्रतिष्ठितं वेद' इत्यन्तः प्रतिष्ठानाच्च न वैश्वानरपदवाच्योऽत्र

णवत् प्रतिष्ठाः सूर्यचन्द्रमसावेव चक्षुरूपप्रकाशकत्वाच्चक्षुरिव चक्षुर्दिशः पूर्वादिकाः श्रोत्रं शब्दग्राहकमुपकरणमिव कल्पितम्, इत्थं भूताय सर्वलोकप्रसिद्धाय लोकात्मने लोका एवात्मानः शरीररूपाः यस्य तादृशे जगत् शरीरिणे परमात्मनेऽधिलोकात्मनेऽयोध्याधिपतये श्री रामाय नमः नमस्कारो मे भवतु। एतावता भगवति सर्वशरीरित्वं लोकानाञ्च भगवदेकदेशत्वं स्तुतिव्याजेनव्यक्तीकृतम्

एतदेव सर्वलोकात्मकं रूपं भगवत इह छान्दोग्येपि श्रूयमाणं रूपं वश्वनरस्य परमपुरुषरूपतां निश्चिनोति । अर्थात् वैश्वानरपदवाच्य छान्दोग्यप्रकरणे परमात्मैव भवति. नतुजाठरो जीवो वाऽधिष्ठातृदेवो वा, यतःपरमात्मव्यतिरिक्तेषु स्मर्यमाणयथोक्तरूपसमन्वयस्यातितरामेवासंभवादिति ॥२६॥

पद से प्रतिपादित परमात्मा ही है। और वेही परमात्मा उपास्य रूप से प्रतिपादित होते हैं। किन्तु जाठर अग्नि अथवा तादृश अग्नि से उपलक्षित जीवात्मा अथवा अग्नि का अभिमानी देव यहाँ विवक्षित नहीं है । क्योंकि त्रैलोक्य शरीरकत्व तो जीवादि को कोई नहीं मानते हैं। नवा जीवादिकों में एतादृश त्रैलोक्य रूपवत्ता संभवित है। इसलिए अन्य अनेक श्रुतिबल से प्रत्युपस्थापित जो रूप है उसका परमात्मा में ही संभवित होने से परमपुरुषही वैश्वानर प्रतिपाद्य है। किन्तु परमेश्वर से अतिरिक्त वैश्वानर शब्द प्रतिपाद्य नहीं है असंभव होने से । विशेष विवरण अन्यत्र देखें ॥२६॥

परमात्मा स्यादितिचेन्न, परमपुरुषस्य तथाग्निशरीरतयोपासनार्थमुपदेशात्। न हि द्युमूर्धादिधर्माः केवलाग्नौ सम्भवन्ति। परमात्मनस्त्वग्निशरीरकत्वेनोपपद्यन्त एवैते धर्माः। अत एव "अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः" इति वाक्यं सङ्गच्छते। प्रकृतवाक्येऽपि विश्वरूपोऽग्निरिति शब्दस्वारस्यात्परमात्मैव वैश्वानरशब्दवाच्यः। न

विवरणम्– पूर्वसूत्रद्वयेन परमपुरुषस्य परमात्मन एव "अग्निर्मूर्धा चक्षुषी चन्द्रसूर्यौ दिशः श्रोते वाग् विवृताश्चवेदाः। वायुः प्राणो हृदयं विश्वमस्य पद्भ्यां पृथिवी ह्येष सर्वभूतान्तरात्मा" तथा "यस्याग्निरास्यं द्यौर्मूर्धा खं नाभिश्चरणौक्षितिः। सूर्यश्चक्षुर्दिशश्रोत्रं तस्मै लोकात्मने नमः" इत्यादि श्रुतिस्मृतिभ्यः परमात्मनः परमपुरुषस्यैव वैश्वानरपदवाच्यत्वं भवति, नतु जाठराग्नेर्देवताया जीवस्य वा वैश्वानरपदवाच्यत्वमिति प्रसाध्यापि, स्थूणानिखननन्यायेन पुनरपि विविधप्रकारेण शङ्कां कृत्वा पुनः समाधानाय सूत्रकारः प्राह "शब्दादिभ्यः" इत्यादि। नात्र परमात्मा वैश्वानरशब्देन प्रतिपादयितुं शक्यते

सारबोधिनी–पूर्वोक्त सूत्रद्वय से वैश्वानर पदवाच्यता परम पुरुष में प्रसाधित कर दिया। तथापि पुनः उसी बात को स्थूणानिखनन न्याय से पूर्वपक्ष पूर्वक समाधान करने के लिए सूत्र व्याख्यानपूर्वक प्रक्रम करते हैं "ननु स एष वैश्वानर" इत्यादि। आपने जो पूर्वसूत्र में प्रतिपादन किया कि वैश्वानर प्रतिपाद्य परमात्मा हैं किन्तु जाठर अग्नि वैश्वानर पद प्रतिपादित नहीं है यह कहना ठीक नहीं है। यहाँ तो वैश्वानर शब्द का अग्नि शब्द के साथ समानाधिकरण शब्द द्वारा श्रुत है। जैसे "स एष वैश्वानरो विश्वरूपः प्राणोऽग्निरुदयते" [यह विश्वरूप वैश्वानर अग्निरूपप्राण उदित होता है।] इस वाक्य में अग्नि का तादात्म्य वैश्वानर में देखने में आता है। जब "नीलो घटः" यहाँ नील पद का सामानाधिकरण्य है। तो वहाँ नील का अभेद घट में ही होता है नतु मृत्तिका द्रव्यादिक में नीलाभेद ज्ञात

ह्यग्नेः केवलस्य विश्वरूपता सम्भवति। एवं वाजसनेयिनः "स एषोऽग्निर्वैश्वानरो यत्पुरुषः" इत्यादिश्रौतवाक्येषु वैश्वानरं पुरुषमप्यधीयते। पुरुषशब्दश्च 'यत्परमपुरुषः' [रामोत्तरता ४२] "वन्दे महापुरुषते चरणारविन्दम्' [भा० स्क० ११] इत्यादिश्रुतिस्मृतिभ्यः भगवन्तंश्रीराममेवाभिधत्ते। तस्मादत्र वैश्वानरः परमात्मा श्रीराम एव ॥२७॥

यतः जाठराग्नेरेव वैश्वानरशब्देन प्रतिपादनात्। तथा "पुरुषेऽन्तः प्रतिष्ठितम्" इत्यादि वाक्येन अन्तः प्रतिष्ठितत्वस्य प्रतिपादनान्नहि वैश्वानरवाच्यता परमेश्वरस्य नवा, उदरान्तर्वर्तित्वं परमात्मनः संभवति सर्वव्यापकस्योदरमध्येऽवस्थानासम्भवात्। यो यस्मिन् तिष्ठति स ततोऽल्पीयान् भवतीति नियमादतो नात्र वैश्वानरपदेन परमात्मनो ग्रहणं किन्तु तत्पदवाच्यत्वं जाठराग्नेरेवेति पूर्वपक्षं कृत्वा कथयति. यदत्र वैश्वानरपदेन वैश्वानर शरीरकस्य परमात्मन एवोपास्यतया ग्रहणं भवति. नतु जाठराग्नेः कुतः ? असंभवात्। नहि केवलस्याग्नेः सूर्यादिनेत्रत्वादिकं सम्भवत्यतिपरिछिन्नत्वात्। तथा पुरुषपदवाच्यतापि परमात्मन एव "स एषोग्नि वैश्वानरो यत्पुरुषः" इत्यादौ परमात्मन एव पुरुषपदवाच्यत्वस्य श्रवणात्। तस्मादत्र होता है उसी तरह प्रकृत में अग्नि का सामानाधिकरण्य वैश्वानर में शब्द द्वारा श्रूयमाण है। तब वैश्वानर शब्द जाठर अग्नि का ही बोधक है। नकि परमात्मा का। क्योंकि परमात्मा में अग्नि का तादात्म्य प्रत्यक्षादि प्रमाण से बाधित है। अतः वैश्वानर पदवाच्य जाठर अग्नि ही है, परमात्मा नहीं। तथा जाठरानल ही उपास्य है, परमात्मा नहीं। एवम् "स यो हैतमेवाग्निं वैश्वानर-पुरुषं पुरुषविधं पुरुषेऽन्तः प्रतिष्ठितं वेद" जो उपासक इसी पुरुषाकार तथा पुरुष के अभ्यन्तर में प्रतिष्ठित वैश्वानर अग्नि की उपासना करता है। यहाँ पुरुष के अभ्यन्तर में प्रतिष्ठितत्व को बतलाया गया है। तो इन सब कारण से ज्ञात होता है कि जठरानल ही उपास्य है। क्योंकि परिच्छिन्न होने के कारण से पुरुष के जठर में अग्नि का अवस्थान संभवित

परमात्मैव वैश्वानरपदवाच्यो न जाठरादिरसम्भवादिदोषग्रस्तत्वादित्येवं रूपेण सूत्राशयं प्रतिपादयितुं प्रक्रमते "ननु स एष वैश्वानरो विश्वरूप" इत्यादि। स एवाऽयं प्रत्यक्षनिर्दिष्टोयश्चायं वैश्वानरो विश्वरूपो विश्वेषां प्राणिनां सम्बन्धादनेकरूपः प्राणपदवाच्यः अग्निः। स उद्यते सर्वत्रोदयं याति। अत्राग्नि पदस्य वैश्वानरपदेन सामानाधिकरण्यादग्निवैश्वानरयो र्नीलोत्पलवत् तादात्म्यदर्शनादवगम्यते यदयं वैश्वानरो जाठराग्नेरभिन्न इति। तदत्र जठरानलस्य वैश्वानरेण तादात्म्यदर्शनात्, वैश्वानरपदवाच्यो जाठरानल एव नैवं परमात्मवैश्वानरयोस्तादात्म्यं क्वचिदपि श्रूयते तस्माद् वैश्वानरवाच्यो जाठराग्निरेवेति। एवम् "स यो हैतम्" इत्यादि। स यः कश्चिदुपासको वैश्वानरमुपासीतं वेद कीदृशं वैश्वानरम्? अग्निम्, अत्राप्यग्नि-वैश्वानरयोः समानविभक्त्यन्तपदोपस्थापितत्वात्तादात्म्यमेव प्रतीतं, "नीलोघटः" वदिति। पुनः "पुरुषविधं पुरुष कारं शिरः पाण्यादिवदिवभासनं नैतद् विशेषणं परमात्मनोऽनुकूलम् "अपाणिपादः" "अस्थूलमनणुः" इत्यादि श्रुतेः। तथा "पुरुषेऽन्तः है। परमात्मा तो सर्वव्यापक है, तब वे परमात्मा क्षुद्र अत्यल्पोदर में किस तरह अवस्थित हो सकते हैं। अतः शब्द से तथा 'अन्तः' अवस्थान होने के कारण से प्रकृत प्रकरण में जाठर अग्नि का ही ग्रहण होता है पर परमात्मा का नहीं। तथा पूर्वोक्त हेतु से सिद्ध होता है कि प्रकृत प्रकरण में उपास्य जठरानल ही है, परमात्मा का उपासन प्रकरण नहीं। यह हुआ प्रश्न।

इस प्रश्न का समाधान सूत्रावयव से कररते हैं—"तथा दृष्ट्युपदेशात्"। जाठरादिक में परमात्म दृष्टि करनी चाहिए। तद्रूप से--जाठर विशिष्ट रूप से परमात्मा की उपासना करनी चाहिए। यह प्रकृत प्रकरण का अभिप्राय है। "यस्याग्निः शरीरम्" इस अन्तर्यामी प्रकरण से ज्ञात

प्रतिष्ठितं पुरुषस्य मनुष्यादेरभ्यन्तरे वर्तमानम् नैतद्विशेषणमपि परमात्मपक्षे संभवति सर्वव्यापकत्वात् । सर्वञ्चेदं विशेषणं यथा कथचिञ्जाठरस्याग्नेः तदभिमानिदेवस्य जीवस्यैव वा पक्षं पोषयति । तस्मादत्र परमात्मा न वैश्वानरपदवाच्योऽपितु जाठराग्निर्देवो वा जीवो वात्र तत्पदवाच्यो भवतीति पूर्वपक्षः ।

तमिमं पूर्वपक्षं सूत्रावयवैः खण्डयितुमाह "इति चेन्न" अत्र प्रकरणे वैश्वानरपदेन परमपुरुषस्यैव ग्रहणं भवति न तदन्यस्यकस्यचित् कुतस्तथादृष्ट्युपदेशात् । अयमाशयः 'विश्वरूपः प्राणोऽग्निरुदयते" इत्यत्र तथा "पुरुषविधं पुरुषेऽन्तः प्रतिष्ठितं वेद" इत्यादौ परमात्मन एवाग्निशरीरतया उपासनाभिमतत्वात् । नहि केवलस्याग्नेरुपासनमत्राभिमतं किन्तु वह्निशरीररूपरमात्मन एवात्रोपासनमिष्टम् । केवलवह्नेर्द्युमूर्धवत्वस्यानुपपत्तेः, नहि केवलस्य वह्नेर्द्युलोको मूर्धा भवति नवा चन्द्रसूर्यौ चक्षुषी भवतः । परमात्मपक्षेतु नैस दोषः संभवति । यतः परमात्मनः सर्वशरीरकतया वह्निशरीरकत्वस्यापि संभवे वह्निशरीरकतयोपासनसंभवात् प्रतीकोपासना-

होता है कि अग्नि परमात्मा का शरीर है । तो अग्नि शरीरक परमात्मा का ही यहाँ उपास्यतया ग्रहण है । केवल अचेतन जाठरानल यहाँ अभिमत नहीं अपितु जाठराग्नि रूप परमात्मा ही उपास्य है क्योंकि केवल अग्नि में द्यु मूर्धात्वादिक धर्मों का समावेश असंभवित है । और परमात्मा तो सर्व शरीरक होने से उसमें द्यु मूर्धात्वादिक धर्म संभवित हैं । इसलिए सर्व शरीरक परमात्मा का ही अग्नि–शरीर–विशिष्ट–रूप से यहाँ उपासन अभिमत है । पर केवल अग्नि का नहीं अतएव 'मैं ही वैश्वानर रूप होकर के प्राणियों के अभ्यन्तर में अवस्थित रह कर प्राणापान से युक्त होकर के प्राणियों से भुक्त चारों प्रकार के अन्नों को पचाता हूँ ।" यह जो गीतामें भगवदुक्ति है वह भी सार्थक होती है इसलिए प्रकृत वाक्य में भी विश्वरूप अग्निशब्द का

वत् । अतएव "अहं सर्वेश्वरो हि वैश्वानराग्निरूपमादाय प्राणिमात्रस्य देहाभ्यन्तरे स्थितश्चतुर्विधमन्नंपाचयामीति भगवतो वासुदेव वचनमपि परमात्मपक्षं समर्थयत्सार्थकं भवति । तदाहुर्वृत्तिकारा गीतार्थचन्द्रिकायाम्—"अहमपरिमितसामर्थ्यशाली सर्वेश्वरो वैश्वानरो जाठराग्निर्भूत्वा सर्वेषां प्राणिनां देहमाश्रितस्तैरशितं चतुर्विधं भक्ष्य-भोज्यलेह्यचोष्यात्मकं सर्वमन्नं प्राणापानसमायुक्तः सन् पचामि । मदीयशक्त्याऽयं वैश्वानरोऽग्निरन्नपाचक इति तात्पर्यम्" इति । अतश्च न ह्येतद्भगवद्वचनं परमेश्वरपक्षातिरिक्तपक्षं समर्थयति । "स एष वैश्वानर" इत्यादि प्रकृतवाक्योऽपि विश्वरूपोग्नि' रित्याकारकशब्दस्वारस्यादित्थं ज्ञायते यत् परमात्मैव समुपस्थापितो भवति सर्वशरीरकतया सर्वरूपत्वात् । केवल वह्नेः स्वरूपतया सर्वरूपता न संभवति । नहि एकः परिणामः परिणामान्तरस्य तादात्म्यं प्राप्तुं शक्ष्यति, परमात्मनस्तु तथात्वं सर्वकारणतया घटत एव । एवं वाजसनेयिनः श्रुत्यन्तरे "स एषोग्नि वैश्वानरो यत् पुरुषः" इत्यादि वाक्येषु प्रकृतं वैश्वानरं पुरुषपदेन कथयति । पुरुष

स्वरसता से परमात्मा ही वैश्वानर पदवाच्य है केवल अग्नि में विश्वरूपता संभवित नहीं इस तरह "एषोग्नि वैश्वानरो यत्पुरुषः" इत्यादि वाक्य में भी केवल जाठरानल में पुरुषत्व नहीं है । किन्तु "सहस्त्र शीर्षा पुरुषः" इत्यादि वाक्य से परमात्मा श्रीराम में ही मुख्य पुरुष शब्द वाच्यता है ।

इसि वात को कहते हैं—"एवं वाजसनेयिनः" इत्यादि । इसी प्रकार वाजसनेयी शाखावालों को "स एषोग्नि वैश्वानरोयत्पुरुषः" [वही ये अग्नि वैश्वानर हैं । जो पुरुष है ।] इत्यादि श्रुति वाक्य में वैश्वानर को पुरुष रूप से प्रतिपादन किया है । एवम् 'पुरुष शब्दश्च, 'यत्परमपुरुषः' । [श्रीरामजी ही पुरुष पदवाच्य हैं] इत्यादि रामतापनीयोपनिषत् में पुरुषपदप्रतिपाद्य श्रीदशरथनन्दन श्रीरामचन्द्र जी ही हैं, ऐसा कहा गया है । तथा "वन्दे

अतएव न देवता भूतञ्च १।२।२८।

अत एव परमात्मनोऽसाधारणलिङ्गैः पुरुषपदवाच्यतया चायं वैश्वानरो नाग्न्याधिष्ठातृदेवता न वा भूततृतीयोऽग्निः किन्तु परमात्मैव ।।२८।।

पदञ्च परमात्मनि गीयमानमवलोक्यते "यत्परम पुरुषः" इत्यादिरामतापनीयादिश्रुतिषु पुरुषपदस्य परमात्मनि श्रीरामे प्रयोगदर्शनात् । एवम् "वन्दे महापुरुषः ते चरणारविन्दम्" इत्यादि भागवतीयपद्येऽपि परमात्मनि सर्वेश्वरे पुरुषशब्दस्य प्रयोगो दृश्यते । अतः श्रुतिस्मृतयो भगवन्तं सर्वशेषिणं श्रीराममेव पुरुषपदेन प्रतिपादयन्ति ।

तस्मादत्र प्रकरणे वैश्वानरपदेन परमपुरुषस्यैव ग्रहणं भवति. नतु जाठरदेवता जीवानां यतः प्रकरणप्रतिपादितानां द्यु-मूर्धत्वादि विशेषणानां स्वभावतो जाठरादिष्वसंभवात् । संभवन्ति च तानि सर्वशरीरकतया परमेश्वर एव । जाठरादेः परिकीर्तनं तु जाठराग्निशरीरकतया परमात्मन उपासनार्थमेव नतु स्वरूपतस्तस्य कथनपरकमपीति बोध्यम् । एवम् "सहस्रशीर्षापुरुषः" इत्यादिश्रुतिवाक्येनापि परमात्मन एव स्वभावतः निरुपाधिकं पुरुषत्वप्रतिपादितमिति संक्षेपः ।।२७।।

महापुरुष ते चरणारविन्दम्" [हे महापुरुष ? आपके पद पंकजों की मैं वन्दना करता हूँ ।"] इत्यादि भागवत वचन से भी परमात्मा में पुरुष पदवाच्यत्व सिद्ध होता है तथा "क्लेश कर्म विपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः" इत्यादि श्रुतिस्मृत्यादिक प्रमाणों से पुरुष पदवाच्यता भगवान् अयोध्याधिपति में ही सिद्ध होता है । इसलिए इस प्रकरण में वैश्वानर पदवाच्य परम पुरुष भगवान् श्रीराम ही हैं, तथा वेही अग्नि शरीर रूप से उपास्य हैं । केवल जाठरानल नहीं । क्योंकि केवल अग्नि में पूर्वोक्त विशेषणादि असंभवित हैं ।।२७।।

विवरणम्—"अग्निमूर्धा चक्षुषी चन्द्रसूर्यौ, दिशः श्रोत्रे वाग् विवृताश्चवेदाः। वायुः प्राणो हृदयं विश्वमस्य पद्भ्यां पृथिवी ह्येष सर्वभूतान्तरात्मा" [यस्य परमात्मनोऽग्निरेवमूर्धाशिरः स्थानीयः सूर्याचन्द्रमसौ नेत्रे दिशः पूर्वादिका एव श्रोत्रे भवतः विवृताः प्रकाशिताः ऋगादिका वेदा एव वाणी भवति सर्वदा ईरणस्वभावो वायुरेव प्राणो भवति विश्वं स्थावरजंगमात्मकं विश्वमेव हृदयं भवति पद्भ्यां पृथिवी. आधाररूपापृथिवी एतादृशः सर्वेषां भूतानामात्म रूपः कश्चिदस्तीति] इत्याद्यनेक मंत्रेषु द्यु-मूर्धात्वादिगुणविशिष्टतृतीयोभूताग्निरपि संभवति. अथवाग्निशरीराभिमानी देवो वा. ऐश्वर्यादिगुण विशिष्टत्वात् संभवतीत्याशंक्य तयोर्निराकरणायाह—अतएव न देव न देवता नवा तृतीयं भूतमपि. कुतः ? यत उक्तेभ्यः श्रुतिस्मृत्यावगतद्युमूर्धत्वादिसंबन्धः सर्वलोकाश्रयफलभागित्वसर्वपापप्रदाहकृत्वात्मक ब्रह्मपदोपक्रमसर्वेश्वरत्वादिहेतुभ्यः पूर्वं कथितेभ्यो न देवताया ग्रहणं नवाकाशापेक्षया तृतीयभूताग्नेर्वाग्रहणं भवति. किन्तु सर्वशरीरकस्य सर्वान्तर्यामिणः सर्वनियामकस्य

सारबोधिनी—"अग्निमूर्धाचक्षुषी चन्द्रसूर्यौ" इत्यादि मंत्र प्रतिपादित जो वैश्वानर है वह भूताग्निपरक है। अथावा वह्नि शरीराभिमानी देवतापरक है। क्योंकि देवता में देवत्व है। और देवगण ऐश्वर्यशाली होते हैं। तो ऐश्वर्य योग से तादृश देवता ही वैश्वानर पदवाच्य है। परन्तु परमात्मा वैश्वानर पदवाच्य नहीं। क्योंकि इस प्रकरण में बहुत से ऐसे विशेषण हैं जिससे कि परमात्मा का वैश्वानर पद से ग्रहण नहीं हो सकता है। एतादृश पूर्वपक्ष का निराकरण करने के लिए वृत्तिकार कहते हैं कि—अतएवेत्यादि "अग्निमूर्धा" इत्यादि प्रकरण में द्युमूर्धत्व सर्वपापदाहकत्व सर्वात्मत्व सर्वेश्वरत्वादिक अनेक अनन्य साधारण परमात्मा का ज्ञापक लिङ्ग विद्यमान है, और "सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः" "उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः"

परमात्मन एव ग्रहणं भवतीति प्रदर्शयितुमाह "अत एव परमात्मनः" इत्यादि । अतएव यतः प्रकरणे द्युमूर्धात्वादिका सर्वनियन्तृत्व सर्व पापदाहकत्वादिमाः सर्व नियन्तृत्व–सर्वेश्वरत्वादि परमात्मनोऽनन्यसाधारणा गुणाः प्रतिपादिताः स्तैः "स एषोऽग्नि वैश्वानरो यत्पुरुषः" "यत्परमपुरुषः" "सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात्" "वन्देमहापुरुषते चरणारविन्दम्" इत्यादिश्रुतिस्मृति पुराणादिवाक्यैः पुरुषपदतया प्रतिपादनाच्च वैश्वानरपदेन परमात्मैव परिगृहीतो भवति. नतु वह्नि साधारणो नवा वह्नि–शरीराभिमानी देवता । यतो भूताग्नौ द्युमूर्धात्वादिका गुणा न संभवन्ति । देवतायां यद्यप्यैश्वर्ययोगात् कदाचित् शक्येतापि. तथापि निरङ्कुशैश्वर्यस्य तत्रापिवाधादेवेति । किञ्च देवाग्नेरप्यन्तर्यामितया परमात्माश्रूयतेऽन्तर्याम्यधिकरणे. इति कथं तस्मिन्नैश्वर्यं स्वातन्त्र्यञ्च संभवेत् । अतः परमात्मैव सर्वशरीरको वैश्वानरशब्दवाच्यो नान्ये तदितरे । यथोक्तव्याख्यानेनैव वृत्तेरक्षरार्थोऽपि व्याख्यात एवाभवदतः तद्व्याख्यानं न कृतमितिदिक् ॥२८॥

इत्यादि अनेक श्रुतिस्मृति इतिहासपुराण वाक्यों में परमात्मा को पुरुष पदवाच्य बतलाया गया है । इसलिए सिद्ध होता है कि परमात्मा ही वैश्वानर पद का वाच्य है । तथा परमात्मा ही इस प्रकरण में उपास्यतया प्रतिपादित होते हैं । किन्तु भूताग्नि अथवा ऐश्वर्यादि युक्तदेव जो कि वह्नि शरीराभिमानि हैं, उन सबों का वैश्वानर पद से प्रतिपादन नहीं होता है नवा उनमें उपास्यता का भी प्रतिपादन होता है । क्योंकि भूताग्नि में अथवा तदभिमानी देवता में पूर्वोक्त गुणों का समावेश की संभावना नहीं है । इस सूत्र के पूर्व पूर्वतरवर्ती सूत्रों में प्रतिपादित युक्तितर्कादिक से भी सिद्ध होता है कि वैश्वानर पदवाच्य भूताग्नि वा देवता नहीं हैं । किन्तु सर्वशरीरक परमात्मा ही वैश्वानर पदवाच्य हैं । ॥२८॥

साक्षादप्यविरोधं जैमिनिः १।२।२९।

अग्निशब्दस्य वैश्वानरशब्दसामानाधिकरण्येनाग्निशरीरकपरमात्मपरत्वमस्तीत्युक्तम् । परन्तु परमात्माभिधायिवैश्वानरशब्दसामानाधिकरण्यमनपेक्ष्याप्यग्रनयनादियोगेन वैश्वानरशब्दवदग्निशब्दोऽपि साक्षादेव परमात्मन्यविरुद्ध इति जैमिनिराचार्यो मन्यते ॥२९॥

विवरणम्—इतः पूर्वप्रकरणे अग्निशब्दवैश्वानरशब्दयोश्चसामानाधिकरण्यं प्रदर्श्य सामान्यशब्दविशेषाद्यनेककारणप्रतिपादनद्वारा वैश्वानरशब्दः परमात्मन एव बोधको भवतीति शक्तिलक्षणवृत्तिद्वारेणेति प्रतिपादितम् । इतः परं याचकादिपदवत् योगार्थमाश्रित्यापि वैश्वानरशब्दपरमात्मानमेव बोधयतीति प्रदर्शयितुं तदर्थमाचार्यान्तरस्य संमतिं प्रदर्शयितुमग्रिमसूत्रमवतारयति 'अग्निशब्दस्येत्यादि । अग्निशब्दं समवाप्य वैश्वानरशब्देन सह सामानाधिकरण्यम् ततश्चाग्निशरीरकस्य परमात्मनो वाचक इति वह्निशरीरकः परमात्मैवात्रोपास्यतया गृह्यते नतु भूताग्निरिति समर्थितवान् । परन्तु अग्निशब्दो यदि परमात्मवाचकस्तदा वैश्वानरशब्दस्य सामानाधिकरण्यंनापेक्षते—तदापि

सारबोधिनी—इसके पहिले सामान्य विशेष शब्दादि हेतुओं के द्वारा वैश्वानर शब्द परम पुरुष परमात्मा का ही वाचक है नतु जाठराग्नि अथवा तेजोभिमानी देवता का वाचक है । इस बात का समर्थन श्रुति स्मृति युक्ति द्वारा किया गया है । इसके बाद जिस तरह पाचकादि पद योगार्थ द्वारा वाचक होता है । उसी तरह यह वैश्वानर पद भी पदार्थ शक्ति को लेकरके साक्षादेव परमात्मा का हो वाचक है । नतु परम्परया परमात्मा का वाचक । जिस तरह सर्वेश्वरादि पद परमात्मा का वाचक होता है, इस बात को बतलाने के लिए अन्य आचार्य की संमति पूर्वक विवेचन करते हुये यह उपक्रम करते है—"अग्नि शब्दस्य" इत्यादि वृत्तिः । अग्नि शब्द वैश्वानराग्नि शब्द का सामानाधिकरण्य के बल से अग्नि है शरीर जिसका—एतादृश

अग्रे नयति इत्यग्निरित्याकारकयोगार्थवलेन यथा वैश्वानरशब्दः साक्षादेव परमात्मानं बोधयति तथैवायमग्निशब्दोपि साक्षादेव तत्त्वं बोधयत्येव तत्र कोऽपि विरोधो न भवतोति जैमिन्याचार्यस्य मतमिति ।

तदयमत्राभिप्रायः । यथा विश्वश्चासौ नरश्चेति विश्वानरः सर्वात्मकः । अथवा विशेषां सर्वेषां प्राणिनां नरो नेता इति विश्वानरः । अथवा विश्वेसर्वेनरः प्राणिनः नियम्या यस्य विश्वानरः सर्वेषां जीवानां नियमन कर्त्ता यो भवति स विश्वानरः । अत्र संज्ञार्थावबोधकनरशब्देपरे पूर्वपदस्य दीर्घो भवतीत्यर्थकेन "नरे संज्ञायाम्" इति पाणिनीय सूत्रेण दीर्घो भवति. ततश्च विश्वानरः शब्दसिद्धिः अनन्तरं विश्वानर एव वैश्वानरः स्वार्थिकस्तद्धितोऽण् प्रत्ययः । अर्थात् अत्र प्रकृत्यर्थो भिन्नः प्रत्ययार्थश्चभिन्न इति न किन्तु यश्चार्थः प्रकृतेर्न ततोधिकोऽर्थः प्रत्ययस्य. यथा 'वय एव वायसः, "यथा वा देव एव देवता" इत्यादौ समानार्थक एव प्रत्ययः प्रकृतिश्च तथैव वैश्वानरेपीति । एवञ्च वैश्वानरशब्दो यथा योगार्थमादाय साक्षादेव परमात्मनो भवति वाचकस्तथैव, अग्निशब्दोऽपि योगार्थमादाय परमात्मनः

परमात्मा का बोधक है। ऐसा पूर्व सूत्रों में प्रतिपादन किया गया है । [जैसे नील पद घट के साथ समनाधिकरण हो करके, "नीलोघटः" यहाँ नीलाभिन्न घट का बोधक होता है। नतु पीत पटादिक का बोधक। इसी तरह प्रकृत में वैश्वानर का सामानाधिकरण्य को प्राप्त करके अग्नि शब्द भी अग्नि शरीरक परमात्मा को समझाता है "नीलमुत्पलम्" के समान] परन्तु परमात्मा का वाचक जो वैश्वानर शब्द है तादृश शब्द का सामानाधिकरण्य के अपेक्षा सहकार के बिना भी "अग्रे नयति इत्यग्निः" इत्यवयव के बल से, जिस तरह वैश्वानर पद इतरानपेक्ष हो करके साक्षादेव परमात्मा का वाचक है। उसी तरह से अग्नि शब्द भी इतरानपेक्ष होता हुआ साक्षादेव बोधक होकर अविरुद्ध है। इस तरह से जैमिनि नामक आचार्यविशेष की मान्यता

साक्षादेव वाचको भवति । तथाहि हृदयपुण्डरीके समुपास्यता रूपेण अङ्गति गच्छति आविर्भवति यः सः अग्निः परमात्मा परमात्मन एव हृदयपुण्डरीके उपास्यत्वस्य छांदोग्यादावति प्रसिद्धत्वात् । अथवा अङ्गयति प्रापयति स्थावरजङ्गमसाधारणस्य, उत्पत्तिस्थितिविलयं यः सोऽग्निः परमात्मा "यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यत्प्रयन्त्यभि संविशन्ति" इत्यादिश्रुत्या परमात्मनः परमपुरुषस्यैव सर्वजगत्प्रति समुत्पत्यादिनियामकत्वस्य प्रतिपादनात् । इत्याद्यवयवार्थमादायाग्निशब्दः स्वरसतः परमात्मानमेव बोधयति विनैवाग्निशरीरकत्वकल्पनामिति मुखत एवाग्निशब्दः परमात्मवाचकतामङ्गीकरोति । अथवा सर्वस्य विकारजातस्य अग्रे नयतीति–अग्निः "सपर्यगात् शुक्रमकायमव्रणम्" इत्यादिना परमात्मनः सर्वव्यापकत्वात्सर्वेभ्यः पूर्ववर्ती यः स एवाग्निरिति । इत्थं चाग्निशब्दः परमात्मानमेव साक्षाद् बोधयतीति जौमिनि मुनोनामभिप्रायः । ततश्च "अथाग्नि वैश्वानरः" इत्यनुरोधेन न जाठरस्य तदभिमानिदेवस्य-

है । जो कि प्रकृतार्थ का उपोद्बलक है अर्थात् जिस तरह वैश्वानर शब्द विश्व समस्त नर स्वरूप वैश्वानर हैं । सर्वात्मक परमात्मा अथवा समस्त प्राणियों का नर अर्थात् नेता को विश्वानर कहते हैं । अथवा सर्व प्राणी नियम्य है जिसका उसको विश्वानर कहते हैं, सर्व नियन्ता परमात्मा । विश्वानर को ही वैश्वानर कहते हैं । यहाँ स्वार्थिक अण् प्रत्यय करके तथा, "नरे संज्ञायाम" इस सूत्र से दीर्घ करके वैश्वानर पद बनता है । जो परमात्मा बोधक है । इसी तरह अग्नि शब्द का योगार्थ होता है । उपासक के हृदयस्थल में आविर्भूत जो हो उसको अग्नि कहते हैं । एतादृश अग्नि पदवाच्य परमात्मा है । वेही शालिग्राम में विष्णु के समान उपासक के अन्तःकरण में आविर्भूत होते हैं । इसलिए अग्नि पदवाच्य परमात्मा हैं । अथवा प्राणी मात्र के उत्पत्ति स्थिति विनाशक जो हो उसका नाम है अग्नि । सर्वनियामक

अभिव्यक्तेरित्याश्मरथ्यः ।१।२।३०।

अपरिच्छिन्नस्यापि परमात्मनो 'यस्त्वेतमेवं प्रादेशमात्रमभिविमानमात्मानं वैश्वानरमुपास्ते, [छ० ५।१८।१।] इति प्रादेशमात्रव्यपदेशस्तूपासनासिद्ध्यर्थमित्याश्मरथ्य आचार्यो मन्यते ॥३०॥

वोपस्थापकमिदं प्रकरणमपितु सर्वजगन्निदानं सर्व व्यापकं सर्वनेतारं सर्वतः पूर्ववर्तिनं पूर्व पूर्वतरस्यापि नियामकमिति संक्षेपः ॥२९॥

विवरणम्= यदि परमेश्वरः "अस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घमनलोहितम्" इत्यादि श्रुतिभिर्लोकप्रसिद्ध्याच सर्वथैव परिच्छेदरहितः तदा कथम् "यस्त्वेतमेवमभिविमानं प्रादेशमात्रं वैश्वानरमुपास्ते" इत्यादिस्थले द्युमूर्धत्वादिपरिच्छेदवत्तयोपासनं कथितं तत्कथं संगच्छते, यतः परिच्छेदरहिते परिच्छेदवत्वज्ञानं न प्रमारूपम्, तदभाववति तत्प्रकारकज्ञानरूपत्वात्. रज्जौ सर्पबुद्धिवत्, ततश्च तादृशाप्रमा ज्ञानविषयीभूतपरमात्मोपासनया किमपि फलं नस्यादित्याद्या शङ्कायां परिच्छेदशून्योऽपि परमात्मा भक्तानामुपासनार्थं परिच्छिन्नवत्तामपि स्वरूपं स्वीकृत्य तद्रूपेण भक्तैरुपास्यमानो भक्तान् अनु-

सर्वोत्पादक सर्वव्यापक परमात्मा । इस प्रकार से साक्षात् अग्नि पदवाच्यता परमात्मा में है, यह जैमिनि कहते हैं ॥२९॥

सारबोधिनी– "अस्थूलमनणु" इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध होता है कि भगवान् परमपुरुष अतिमात्र हैं । अर्थात् मात्रा परिच्छेदरहित हैं । तब देहावयवादि मात्रावत्व रूप से उन की कल्पना किस तरह से हो सकती है ?. तब तदुपासन कैसे हो सकता है । और उपासना के अभाव में सब जगत् में जो व्यवस्था है उस व्यवस्था का विप्लव हो जायगा । इस शंका के उत्तर में आश्मरथ्य आचार्य करते हैं कि यद्यपि भगवान् अतिमात्र हैं तथापि भक्तों के कल्याण के लिए तत्तत् स्थल में तत्तद्रूप से अभिव्यक्त होकर के अभिलषित फल का दायक होते है । जैसे प्रल्हाद के लिए काष्ठ में भी अभिव्यक्त हो

अनुस्मृतेर्बादरिः ।१।२।३१।

द्युप्रभृतीनां मूर्धाद्यवयवत्वेन कल्पनमनुस्मरणार्थमेवेति बादरिराचार्यो मन्यते ॥३१॥

गृह्णातीति न कापिक्षतिरित्याश्मरथ्याचार्यमतं दर्शयितुमाह– "अपरिच्छिन्नस्यापि" इत्यादि । यद्यपि परमपुरुषोऽयोध्याधिपतिः सर्वथैव परिच्छेदरहितः तथापि "यस्त्वेतमेतम्" "वैश्वानरमुपास्ते" इत्यादि स्थलेप्रादेशमात्रतया कथनं. तत्–उपासकानामुपासनासिद्ध्यर्थमेवेति. आश्मरथ्याचार्यमतमिति । अतद्रूपोऽपि पदार्थोभावनया भावितस्तद्रूपतां-लभते तत्फलमपि भवति, श्रूयते खलु गुञ्जापुञ्जामग्निभावनया संभाव्य शिशिरतरमदजटिलकायकाण्डस्य बालकादेः शीतापनोदनम् । भवति च काष्ठेऽपि नृसिंहस्याविर्भावः । तस्मादनन्यगतिकभक्तस्यानुग्रहाय.अमात्रस्यापि परमात्मनः परिच्छेदवत्तयोपासनं फलवदिति कस्यचिदाचार्यस्योद्गारः ॥३०॥

विवरणम्–यथा "अचक्षुः स चक्षुरिवाकर्णः स कर्ण इव मये । भगवान् न तो अमात्र है नवा समात्र किन्तु भक्त पराधीन हैं, सर्वतंत्र होने पर भी । अतः भक्तों के अभिलषित सिध्द्यर्थ अभिव्यक्त होते हैं । ऐसा आचार्य आश्मरथ्य का मत है । उसका अनुवाद करते हैं वृत्तिकार "अपरिच्छिन्नस्यापीत्यादि" । परिच्छेद रहित भी परमात्मा के, "अभिविमान सर्व प्रकार से मात्रा रहित प्रादेशमात्र परिमाणक इस वैश्वानर आत्मा का उपासन करता है ।" इस प्रकार से जो प्रादेशमात्र का कथन है वह अनन्य शरण उपासक के उपासन की सिद्धि के लिए है । इस प्रकार से आश्मरथ्य आचार्य मानते हैं । और इन आचार्य का कथन युक्त भी है, तो वाणी मन के अगोचर भगवान् तत्तत् उचितानुचित शरीर मानवी अमानवी स्वरूप का धारण क्यों करते ! अतः उपासना की सिद्धि के लिए अमात्र भी समात्र होते हैं । इस विषय का विशेष रूप से विचार अन्यत्र देखें ॥३०॥

भवति" इत्यादिश्रवणात् स्वभावतश्चक्षुरादिकरणविहीनोऽपि चक्षुरादिकरणवान् सर्वप्रियो भगवान् भवति. यथावाऽतिव्यापकोप्याकाशो घटाद्युपाधिवलात् घटाकाश इति कथ्यते. यथावा प्रस्थपरिमितास्तुण्डादिव्रीहिविशेषाः प्रस्था इति व्यपदेशभाजो भवन्ति । तद्वत् स्वभावतो मात्रारहितो ऽपीश्वरः प्रादेशपरिमितमनसा अनुस्मर्यमाणः प्रादेश इति व्यवहारभाग्भवतीति बादरेराचार्यस्यमतं तन्मतेन स्वमतं परिपुष्णाति वृत्तिकारः "द्युप्रभृतीनाम्" इत्यादि । "द्यौमूर्धा चक्षुषी चन्द्रसूर्यौ" इत्यादि स्थले यत्. द्युप्रभृतीनां भगवतो मूर्धाद्यवयवत्वेन परिकल्पनं कृतम्. तत्तु "अनुस्मृतेः" अनुस्मरणार्थमेव । प्रादेशपरिमाणपरिमितहृदयपुण्डरीकस्थितमनसा अनुस्मर्यमाणतया ईश्वरप्रादेशमात्रकथितो भवति । यथा प्रस्थपरिमाणपरिमितास्तण्डुलादिकाः प्रस्था इत्येवं व्यपदिष्टा-

सारबोधिनी—सर्वथा परिच्छेद रहित जो परमात्मा तादृश परमात्माके द्यु प्रभृतिक पृथिवी पर्यन्त प्रदेश सम्बन्ध से वैश्वानर परमात्मा का उपासन हो सकता है । इसके उत्तर में आश्मरथ्य आचार्य के अभिप्राय का प्रदर्शन करके, जिस तरह अति व्यापक अकाश का, जो कि घटादि से अवच्छिन्न होने से घटाकाश है, ऐसा कथन किया जाता है । उसी तरह प्रादेश मात्र मन से अनुस्मर्यमाण वैश्वानर परमात्मा का प्रादेश मात्र का कथन किया जाता है । ऐसा बादरि आचार्य का मत को बतलाने के लिए वृत्तिकार प्रक्रम करते है—"द्यु प्रभृतीनामित्यादि" । स्वर्ग लोकादि प्रभृति से मूर्धादि अवयव का जो परिकल्पन किया जाता है वह अनुस्मरण के लिए । अर्थात्—

यस्याग्निरास्यं द्यौर्मूर्धा खंनाभिश्चरणौक्षितिः ।
सूर्यश्चक्षुर्दिशः श्रोत्रं तस्मै लोकात्मने नमः ॥

जिस वैश्वानर परमात्मा का मुख अग्नि है । द्यु लोक स्वर्ग—मस्तक है, आकाश नाभिः है; पृथिवी ही चरण हैं, सूर्यचन्द्रमा नेत्र हैं, और दिशायें

सम्पत्तेरितिजैमिनिस्तथाहि दर्शयति ।१।२।३२।

वैश्वानरोपासकैरनुदिनमनुष्ठीयमानायाः प्राणाहुतेरग्निहोत्रत्वसम्पादनाय 'उर एव वेदिर्लोमानि बर्हिर्हृदयं गार्हपत्यः [छा० ५।१८।२।] इत्यादिश्रुतिभिर्वेदित्वादिकल्पनोपदेश इति जैमिनिराचार्यो मन्यते ।

भवन्ति. तद्वत् परमात्मापि मनोपाधिकत्वात् प्रादेशमात्रः कथितो भवति. नतु स्वरूपतस्तथा । यथावा घटावच्छिन्नाकाशे घटाकाश इति । एवञ्चानुस्मरणार्थमेव विगतपरिमाणस्यापि परमात्मनः प्रादेशमात्र कथनमिति बादरेराचार्यस्य मतमिति दिक् । विशेषस्तु भाष्यानुसरणमेव रमणम् ॥३१॥

विवरणम्-पूर्वपूर्वतरसूत्रसमुदायैर्भूरादिलोकशरीरविशिष्टस्य परमपुरुषस्य भगवतो वैश्वानरपदवाच्यत्वं प्रतिपादितवान् । तथा द्युप्रभृतिचिबुकमात्रे वैश्वानरस्योपास्यत्वप्रतिपादनेन परमेश्वरस्य प्रादेशमात्रत्वमपि संपन्नमिति प्रादेशमात्रसंपत्तेः प्रादेशमात्रप्रतिपादक श्रोत्र है, एतादृश लोकात्मक परमात्मा को नमस्कार है ।

इत्याद्यनेक स्थल में जो द्यु मूर्धादि अवयव विशिष्टतया परमात्मा का कथन है, वह परमात्मा सावयव है, इस अभिप्राय से नहीं किन्तु सर्व व्यापक भी परमात्मा प्रादेशमात्र परिमित मन से स्मरण का विषय होते हैं, इसलिए उन परमेश्वर में प्रादेशमात्रता का कथन किया गया है । ऐसा बादरि आचार्य की मान्यता है यथा आकाश व्यापक है, तथापि घटावच्छिन्न होने से घटाकाश पद से व्यवह्रियमाण होता है । उसी तरह ईश्वर प्रादेश परिमित मन से स्मरण का विषय होने से प्रादेश परिमाण रूप से ही अनुस्मरणीय होते हैं ॥३१॥

सारबोधिनी-इसके पूर्वसूत्र में कहा गया है कि प्रादेशमात्र प्रमाणवाला जो हृदय प्रदेश तादृश प्रादेशमात्र प्रतिष्ठत मन के द्वारा स्मृयमाण यह वैश्वानर परमात्मा भी प्रादेश मात्र कहलाता है । जिस प्रकार से सेर परिमित

एवमनुष्ठानेन परमपुरुषाराधनफलमग्निहोत्रसम्पत्तिश्च दर्शयति । 'अथ य एतदेव विद्वानग्निहोत्रं जुहोति' [छा० ५।२४।२।] इति श्रुतिः ॥३२॥

श्रुतिरपि सफला तत उर एव वेदिर्लोमानि बर्हिरित्यादि किमर्थं कल्पनमिति तदर्थं जैमिनेर्मतं दर्शयितुं प्रक्रमते "वैश्वानरोपासकैः" इत्यादि । यः खलु वैश्वानरस्य पुरुषस्योपासकास्तैः क्रियमाणायाः प्राणाहुतेः प्रत्यहिकाग्निहोत्रवत. अग्निहोत्रत्वस्य संपादनम्' अस्य वैश्वानरोपासकस्योरुवक्षः स्थलमेव वेदिः, यथा नैयमिकाग्निहोत्रे आहुत्यर्थवेदि भवति बाह्य स्थण्डिलादिकं तदस्योपासकस्य स्वयं वक्षः स्थलमेव वेदिः, तत्र नैयमिकाग्निहोत्रं वेदिकोपरि-आस्तरणाय बाह्याः कुशा भवन्ति तदत्रोपासकस्य वक्षसि स्थितानि लोमानि क्षुद्राः केशा एवास्तरणीयकुशस्थानीयाः । एवं नैयमिकाग्निहोत्रे आहुत्य-

जो तण्डुल उसको सेर प्रमाणक है ऐसा कहा जाता है । परन्तु जैमिनि आचार्य कहते हैं कि संपत्ति निमित्तक यह प्रादेशमात्र श्रुति है । इस विषय को स्पष्ट करने के लिए कहते हैं—"वैश्वानरोपासकैः" इत्यादि । वैश्वानर परमात्मा का जो उपासक है, तादृश उपासक के द्वारा अनुष्ठीयमान जो प्राणाहुति तादृश प्राणाहुति को अग्निहोत्रता का संपादन करने के लिए कहा है कि, "उर एव वेदिर्लोमानि बर्हिर्हृदयं गार्हपत्यः" [उर वक्षः स्थल में ईश्वरोपासक का जो उरसूवक्षः स्थल है वही वेदी है । उरस में रहनेवाला रोमही बर्हिदर्भ है और वही गार्हपत्य नामक अग्नि है ।] इत्यादि श्रुति में दर्भादि कल्पना का उपदेश है ऐसा जैमिनि आचार्य मानते हैं । इस प्रकार से अनुष्ठान करने पर वैश्वानर परमात्मा की आराधना की गई । तादृश संपत्ति का भी प्रतिपादन किया जाता है इस प्रकार से श्रुति बतलाती है । "अथ य एतदेव विद्वान्" [अथ—जो विद्वान् ज्ञानपूर्वक इस अग्निहोत्र का संपादन करता है ।] इस प्रकार से वृत्ति का अक्षरार्थ होता है । इसके भावार्थ रूप में

धिकरणमग्निर्भवति तदत्रोपासकस्य स्वकीयं हृदयमेवगार्हपत्याग्निस्थानापन्नं भवति, अथाह वैश्वानरोपासकः स्वकीयशरीरावयवेष्वेवाग्निहोत्रं संपादयेत् । एवमादिश्रुतिभिर्वैदित्वादिकल्पनाया उपदेशः कृत इत्येवं रूपेण जैमिनिनामक आचार्यो मन्यते । एतादृशानुष्ठान करणेनाराधितो भवति भगवान् परमपुरुषस्तथोपासकस्य स्वकीय शरीरावयवेषु प्रसिद्धनैयमिकाग्निहोत्रस्यापि संपत्तिर्जायते । अथ यः खलुपासकः, एतादृशमग्निहोत्रं स्वशरीरावयवेषु परिकल्पितमग्निहोत्रं जुहोति तादृशाग्निहोत्रमनुतिष्ठति तस्य तथा फलं भवतीति श्रुतिरपि समर्थयति ।

यद्यप्यत्रानेके आचार्याः स्वस्वाभिमतमर्थमनेकधा कुर्वन्ति परन्तु भगवन्तः श्रीमदानन्दभाष्यकारास्तु इत्थमादिशन्ति । तथाहि वैश्वानरोपासकैः संपाद्यमानाया वैश्वानरविद्याया अङ्गभूतायाः "तद्यद् भक्तमागच्छेत्तद्धोमीयम्" इति श्रुत्युक्तप्राणाहुतेरग्निहोत्रत्वसंपादनाय तेषामुरः प्रभृतीनां वेद्यादिपरिकल्पनमिति जैमिनिराचार्यो मन्यते । तदित्थम्. वैश्वानरपरमात्मनः समुपासकोऽधिकारी मदीयशिर एव भगवतो वैश्वानरस्य मूर्धा भवति मम नेत्रे एव वैश्वानरस्य चक्षुषी

श्रीसम्प्रदायाचार्य आनन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी ने तो ऐसा वर्णन किया है कि:-वैश्वानर परमात्मा का उपासक जो साधक हैं वे लोग वैश्वानर विद्या का अङ्ग लक्षण जो प्राणाहुति शास्त्र प्रदर्शित है उसमें अग्निहोत्र यज्ञत्व संपादन करने के लिए वेदिप्रभृति की कल्पना करते हैं। यथा वैश्वानर परमात्मा का उपासक चिन्तन करता है मेरा जो मस्तक है वह वैश्वानर का मस्तक है। मेरी आँख ही वैश्वानर की आँख है। मेरा उरःस्थल वैश्वानर का उरः स्थल वेदी है। मेरा मन ही अन्वाहार्य पचन है। मेरा मुख ही वैश्वानर आहवनीय आस्य हैं। प्राण की आहुति ही अग्निहोत्र है। इस प्रकार से अपने शरीर के अङ्गों में वैश्वानरीय अङ्गों की संपत्ति से

आमनन्ति चैनमस्मिन् ।१।२।३३।

अस्मिन् वैश्वानरोपासकशरीरे प्राणाग्निहोत्रानुष्ठानेनोपासनार्थमेनं परमात्मानमामनन्तिच्छन्दोगाः । "तस्य ह वा एतस्यात्मनो वैश्वानरस्य मूर्धैव सुतेजाः" [छा० ५।१८।२।] इति । प्राणाग्निहोत्रानुष्ठान

वक्षःस्थलम् वैश्वानरस्य वक्षोवेदिरग्निहोत्रस्य. मन एवान्वाहार्यपचनोग्निर्मदीयं मुखमेव वैश्वानरस्याहवनीयं मुखम्. तथा प्राणादीनामाहुतिरेवाग्नि होत्रम्. एवं प्रकारेण स्वावयवेषु वैश्वानरावयवानां संपादनं कृत्वैव स्वकीयान्यङ्गान्येव वैश्वानरस्यावयवा इतिमत्वा प्रतिदिनं प्राणाहुतिभिः स्वकीयहृदयकमलासनस्थं परमात्मं वैश्वानरं समुपासित । तदत्र प्राणोपासनस्य फलं प्राणाग्निहोत्रसंपत्तिश्चापि श्रुतिर्दर्शयति, "अथ य एतदेव विद्वानग्निहोत्रं जुहोति" इत्यादि । "सर्वेपाप्मानः प्रदूयन्ते" वह्निनिक्षिप्ततूलवदित्यादि ॥३२॥

विवरणम्= वैश्वानरपदेन जाठराग्ने र्जीवस्याग्निशरीरकदेवस्य परमात्मनो वा ग्रहणं कर्त्तव्यं कस्य वा नेति विचारे. परमात्मन एव ग्रहणं कर्त्तव्यं नान्यस्य तद्व्यतिरिक्तस्येति पूर्वं पूर्वतरानेकैः सूत्रैर्निर्धारणं कृत्वा सम्प्रति प्रकरणोपसंहारार्थमन्तिमसूत्रमुदाहर्त्तुमाह वृत्तिकारः "अस्मिन् वैश्वानरोपासकशरीर" इत्यादि । यः खलूपासको भगवतो वैश्वानरपरमात्मन उपासनां करोति तादृशोपासकस्य स्वकीय अङ्गों को वैश्वानर का अङ्ग समझ करके प्रतिदिन स्वमनः स्थित वैश्वानरपरमात्मा का उपासन करे । इस प्राणाग्निहोत्र उपासन का फल भी "एवंहास्य सर्वे पाप्मानः प्रदूयन्ते" इत्यादि कहा हैं । इसलिए अति व्यापक परमात्मा के लिए भी प्रादेशमात्रकथन अयुक्त नहीं है । ॥३२॥

सारबोधिनी—"स एष वैश्वानरः प्राणोऽग्निरुद्यते" [यह वैश्वानर प्राण रूप अग्नि उदित होता है ।] इत्यादि स्थल में वैश्वानर उपास्य है ऐसा प्रतीत होता है । तो इसमें वैश्वानर पदवाच्य भूताग्नि है, अथवा अधिष्ठाता

समये समुपासकेन स्वकीयमूर्धाद्यवयवानामिव द्युप्रभृतीनाम्परमपुरुषस्य मूर्धाद्यवयवत्वेनानुसन्धेयत्वमिति तात्पर्यम् ॥३३॥

इति वैश्वानराधिकरणम् ॥७॥

इति श्रीभगवद्रामानन्दाचार्यान्वयप्रतिष्ठितश्रीमदनुभवानन्दाचार्यद्वारकेणब्रह्मविज्जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य–रघुवराचार्यविरचितायां श्रीरघुवरीयवृत्तौ प्रथमाध्यायस्य द्वितीयः पादः ।

शरीरे तस्य वैश्वानरस्य प्राणाग्निहोत्रद्वारा उपासनायै. एनं प्रकृतं परमात्मानमामनन्ति प्रतिपादयन्ति छन्दोगशाखाध्यायिनः । "तस्य-हवा एतस्ये" त्यादि । एतस्य वैश्वानरस्य परमात्मनस्तेजस्त्वादि गुणविशिष्टो द्युलोक एव मूर्धा. मस्तकस्थानीयः सूर्याचन्द्रमसौ नेत्रस्थानीयौ इत्यादिरूपेण संपूर्णस्यापिमन्त्रस्यार्थः कर्त्तव्यः । एवम् स एषोग्नि वैश्वानरो यत्पुरुषः स यो हैनं वैश्वानरं पुरुषविधं पुरुषेऽन्तः प्रतिष्ठितं वेद" इत्यादि वाजसनेयिशाखाध्येतारः आमनन्ति प्रति-पादयन्ति । एनं प्रकृतं द्युमूर्धत्वादि विशिष्टं परमात्मानम् । तथा वैश्वानरशरीरावयवानां संपत्ति समुपासकशरीरे दर्शयन्ति. तादृशो-पासनस्य फलं सर्वपापप्रणाशादिकमपि दर्शयन्ति । एभिर्हेतुभिर्नि-श्चितं भवति यत् परमात्माश्रीसाकेताधिपतिसर्वेश्वरोऽनन्तकल्याणगु-

देव है, अथवा जीवात्मा है, अथवा परमात्मा है । ऐसा सन्देह उपस्थित होने पर वैश्वानर पदवाच्य परमात्मा नहीं है । क्योंकि तदनुकूल कोई निश्चित हेतु नहीं मिलता है । इस प्रकार से पूर्वपक्ष होने के बाद परमात्मा ही वैश्वा-नर पदवाच्य है तदितर नहीं । ऐसा पूर्व सूत्रों से निर्धारित करके उसी परमात्म पक्ष को निश्चित करने के लिए आचार्य ने "आमनन्ति चैनमस्मिन्" इस सूत्र को बना दिया । अब इस सूत्र को व्याख्या करने के लिए वृत्तिकार उपक्रम करते हुए कहते हैं—"अस्मिन् वैश्वानरोपासक शरीरे" इत्यादि । परमात्मा वैश्वानर के उपासन करनेवाले जो यह उपासक व्यक्ति हैं । तादृश उपासक के शरीरावयवों में प्राणाग्निहोत्र का अनुष्ठान द्वारा उपासन करने के लिए

णकः श्रीराम एव वैश्वानरपदेन समुपासनीयो भवति । नतु परमात्मव्यतिरिक्तः स्वातन्त्र्येण भूताग्निनर्वा तदभिमानिदेवो वा जीवो वा प्रकृत प्रकरणे समुपासनीयतयागृहितो भवति । यद्यपि पूर्वपक्षयुक्तिनामपि बाहुल्यं दृश्यते तथापि सम्पूर्णप्रकरणस्य पर्यालोचने कृते सति परमात्मापक्ष एव निश्चितो भवति । उत्तरपक्षयुक्त्यादीनां विचाराः "वैश्वानरः साधारणशब्दविशेषादित्यारभ्यं "आमनन्ति चैनमस्मिनित्यन्तसूत्रप्रकरण एव प्रदर्शिता इति । तस्मात् परमात्मा श्रीराम एव वैश्वानरपदेन परिगृहीतव्यः समुपासनीयश्चेति सिद्धम् ॥३३॥ इति वैश्वानराधिकरणम् ।७।

इत्यानन्दभाष्यकारजगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठाधीश जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्य-रामप्रपन्नाचार्ययोगिन्द्रविरचिते श्रीरघुवरीयवृत्तिविवरणे प्रथमाध्यायस्य द्वितीयः पादः ।

इस सर्वेश्वर परमात्मा का प्रतिपादन करते हैं छन्दोगशाखाध्यायी लोग । उस छान्दोग्य वाक्य का उल्लेख करते हैं "तस्यहवा" इत्यादि । वह जो यह परमात्मा वैश्वानर है उनका सुतेजा द्यु लोक ही मस्तक है । विश्वरूप सूर्य चक्षु है । वायु प्राण है । पृथक् है वर्त्म जिसका एतादृश वायु आत्मा स्वरूप है । संदेह अर्थात् देह का मध्य भाग आकाश बहुल है क्योंकि सर्वगत होने से । वस्ति ही रयि है । पृथिवी पैर है, प्रतिष्ठास्थान है । इस प्रकार से वैश्वानर के अवयवों में द्यु, वायु, आकाश, जल, पृथिवी में मूर्धा चक्षुरादिक का कल्पनोपदेश है ॥

एवं प्राणाग्निहोत्र के अनुष्ठानावसर में स्वकीय मूर्धादि अवयवों के समान द्यु प्रभृति को परम पुरुष के मूर्धा चक्षुरादि अवयव रूप से परमात्मा को उपास्य रूप से अनेक श्रुतियों में प्रतिपादन किया गया है इसलिए प्रकृत प्रकरण में वैश्वानर पद उपास्य रूप तथा परमात्मा का ही प्रतिपादन होता है किन्तु परमात्म व्यतिरिक्त जीव अथवा जाठरानल अथवा अग्नि के अधिष्ठापक देवों का न तो इस प्रकरण में प्रतिपादन होता है । नवा परमात्म

अथ प्रथमाध्यायस्य तृतीयः पादः

अथ द्युभ्वाद्यधिकरणम् ।१।

द्युभ्वाद्यायतनं स्वशब्दात् ।१।३।१।

आथर्वणिके श्रूयते "यस्मिन् द्यौ पृथिवीचान्तरीक्षमोतं मनस्सह प्राणैश्च सर्वैः। तमेवैकं जानथात्मानम्" [मु० २।२।५।] अत्र द्युभ्वादीनामायतनं किं जीव आहोस्वित्परमात्मेति संशयः। मनः प्राणादीनामुपकरणानां जीवस्यैवसम्भवाज्जीव एवेति पूर्वः पक्षः।

विवरणम्–प्रथमाध्यायस्य द्वितीयपादे प्रायः रूढ़िपदघटित वाक्यानां ज्ञेयपरमात्मनि यथा समन्वयो भवतीति प्रतिपादितम्। अतः परं यौगिकपदघटितवाक्यानामपि तादृशब्रह्मणि समन्वयं प्रदर्शयितुं प्रवर्तमानस्यास्य तृतीयपादस्यारंभो भवति। तत्रापि सर्वप्रथमं सूत्रमधिकृत्य वार्तां प्रवर्तयन्नाह वृत्तिकारः "आथर्वणिके श्रूयते" इत्यादि। तत्राथर्वणिके मुण्डकोपनिषदि "यस्मिन् द्यौः पृथिवी चान्तरिक्षम्" [यस्मिन् वस्तुनि द्यौर्द्युलोकः चतुर्विधभूतग्रामानामाधारभूतेयं पृथिवी. तथा सर्वैर्वागादिप्राणैरिन्द्रियैः सह मनश्च.

भिन्न जठरानलादिक में उपास्यत्व का ही प्रतिपादन है। अपितु सर्वत्र भगवान् साकेताधिपति श्री रामजी ही वैश्वानर पदवाच्य हैं और समुपासनीय हैं तदितर नहीं ॥३३॥

स्वामी रामेश्वरानन्दाचार्य विरचित श्री रघुवरीयवृत्ति सारबोधिनी में प्रथमाध्याय का द्वितीय पाद समाप्त हुआ।

श्रीराम शरणं मम

सारबोधिनी–प्रथमाध्याय के द्वितीय पाद में प्रायः रूढ़ पद घटित वाक्यों का परब्रह्म में समन्वय प्रकार को बतला करके प्रकृत पाद में यौगिक पद घटित वाक्यों का परब्रह्म में समन्वय प्रतिपादन करने के लिए प्रक्रम करते हैं– "आथर्वणिके" इत्यादि। आथर्वणिक मुण्डकोपनिषत् में "यस्मिन् द्यौः पृथिवी

अत्राभिधीयते–प्रकृतश्रुत्यन्तर्गतयोः "तमेवैकं जानथात्मानम्" "अमृतस्यैष सेतुः" इत्येतद्वाक्ययोरात्मशब्दस्य श्रूयमाणत्वादमृतप्रापकत्वाभिधानाच्च द्युप्रभृतीनामायतनत्वेन श्रूयमाणोऽत्र परमात्मैवेत्यवगम्यते ॥१॥

ओतमाश्रितम्. एतादृशमेकं केवलमात्मानं सर्वजगत्कारणं परमात्मानं हे शिष्या यूयं जानथ. अवधारय तदतिरिक्तां वाचं मुंचथ परित्यजत. तथा. यतो यमात्मा अमृतस्य सेतुरिव सेतुः। अर्थात् केवल परमात्म विषयकचर्चा कुरुत, तादृशपरमात्मविचारव्यतिरिक्तं विचारं त्यजत। यतो "नानुध्याया बहून् शब्दान् वाचोविग्लापनं हि तदित्युक्तेरि" त्यर्थः।] तत्र द्यौश्चभूश्चेति द्युभुवौ. द्युभुवौ आदी-येषां ते द्युभुवादयः। एतेषामाधारभूतः कश्चिद् ज्ञायते स किं सर्वाधारभूतः परमात्मा प्रकृते विद्यते अथवा सांख्यमतकल्पितं प्रधानम्, तस्यापि सर्वविकारकारणत्वादायतनत्वं संभवति। अथवा जीवोद्युभ्वाद्यायतनं, जीवस्यापि वागादिकरणानामधिष्ठानत्वादिति संशयः। यत एकपक्षनियामकस्य कस्यचिदभावात्। तत्र द्युभ्वाद्यायतनरूपेण शारीरकजीवस्यैव ग्रहणं युक्तम्, यतोऽत्रप्राणमनसो संकीर्तनात्, प्राणमनसो संबन्धस्तु जीवस्यैव। जीवो हि भोगमिच्छत्

चान्तरिक्षमोतं मनः सह प्राणैस्तमेवैकं ज्ञानथात्मानममृतस्य सेतुम्" [जिसमें द्यु स्वर्गलोक तथा सब प्राणियों का आधारभूत पृथिवी और वागादिक प्राणों के साथ मन ओत है, अधिष्ठित है। उस एक आत्मा को जानो जो अमृत का सेतु है।] ऐसा सुनने में आता है कि एक ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि द्यु पृथिव्यादिक सकल पदार्थों का आयतन आधार है। तो क्या यहाँ द्यु पृथिव्यादि का आयतनाधार जीवात्मा है, अथवा परमात्मा इन सबका आधार है? ऐसा सन्देद होता है। क्योंकि जीवात्मा भोक्ता है तो वह भी भोग्य वस्तुओं का आधार हो सकता है। और परमात्मा तो "यतो वा

स्थूलशरीरमधिष्ठाय प्राणमनसोः साहाय्येन भोगमनुभवति, करणरहितस्यकर्तुः कार्यानुत्पादात् । नहि तण्डुलादिसाहाय्यरहितः पाचकः पाकक्रियां कर्तुं शक्नोति । तद्वदिह मनः साहाय्यमपेक्षमाणो जीव एवायतनं यथा कथञ्चित्सर्वेषां भविष्यति । यद्यपि सर्वसमर्थं परमात्मा तथापि तस्येह ग्रहणं न संभवति, तस्य मनः प्राणयोः सम्बन्धासंभवात् । "अप्राणोह्यमनाः शुभ्रः" अपाणि पादः, "न तस्य कार्यं करणञ्च विद्यते" इत्यादिना प्राणमनसोः संबन्धाभावप्रतिपादनात् यदि कदाचिद् परमपुरुषस्यापि प्राणमनसोः सम्बन्धमिच्छेत्तदा सर्वस्वातंत्र्यं भगवतो विलुप्येत । अपि च "अमृतस्यैष सेतु" एवमत्र श्रूयते, पारवान् हि देशः सेतुरिति कथ्यते नहि परमात्मनः पारवत्वं संभवति. "अनन्तमपारमिति" श्रुतेः । किञ्च "अरा इव रथ नाभौ" इत्यादि उत्तरवाक्यमपि जीवपक्षमेव समर्थयति । जीवश्च भोक्ता स च भोग्यान् द्युप्रभृतिकान् पदार्थान् प्रतिभोक्तृत्वेनायतनं संभविष्यति तस्माज्जीवपक्ष एव श्रेयान् नतु परमात्मपक्षोऽसंभवादिति पूर्वपक्षः ।

तमिमं पूर्वपक्षं निराकृत्य परमात्मपक्षं व्यवस्थापयितुं वृत्तिकारः "अत्राभिधीयते" इति वदन् सूत्रमुदाहरति, "द्युभ्वाद्यायतनं स्व-

इमानि भूतानि जायन्ते" इत्यादि अनेक श्रुतियों से सिद्ध होता है कि समस्त जगत् का आधार है । नियामक निर्णीत हेतु के अभाव होने से सन्देह होता है कि यहाँ द्युभ्वाद्यायतन से किसका ग्रहण करना चाहिए । एतादृश सन्देह के बाद पूर्वपक्ष कहते हैं कि जीव का ही द्युभ्वाद्यायतनरूप में ग्रहण करना चाहिए । क्योंकि इस प्रकरण में मन प्राण प्रभृतिक उपकरण का कथन है । तो तादृश मन प्रभृतिक उपकरणवाला तो जीव ही है । परमात्मा तो प्राणादि उपकरणवान् नहीं है । क्योंकि "अप्राणोह्यमनाः शुभ्रः" "न तस्य कार्यं करणञ्च विद्यते" [वह परम पुरुष वागादिक प्राण रहित है । तथा

शब्दात्'' इति द्युपृथिव्यादि सकलपदार्थानामायतनं परमात्मैव भवति नतु जीवः, कस्मात् तत्र हेतुं पठतिः ''स्वशब्दात्'' स्वस्य परमपुरुषस्य वाचकोऽनन्यसाधारणः शब्दः प्रकृतप्रकरणे श्रूयते । ''तमेवैकं जानथात्मानम् ''तथा ''अमृतस्य सेतुः'' नेदं वाक्यं परमात्मव्यतिरिक्तस्य ग्रहणे समञ्जसं भवति, ज्ञेयत्वं सर्वत्रवेदान्ते परब्रह्मण एव श्रुतम्, जीवस्तु न ज्ञेयोऽपितु ज्ञातैव तथा अमृतसेतुत्वमपि परमात्मन एव नतु तदन्यस्य ''एष एव आनन्दयती''ति श्रवणात् । परमात्मैवानन्दमहोदधि र्न जीवः। ''एतस्यैवानन्दस्य मात्रामुपजीवन्त्यन्यानि भूतानी''त्यादि वाक्येन जीवस्य परिच्छिन्नानन्दवत्वप्रतिपादनात्। तस्मात् परमात्मैव द्युभ्वादीनामायतनं नतु तदन्यः कश्चित् । यतोऽत्रपरमात्मबोधकवाक्यानामेव बाहुल्येन दर्शनात् । एवं ''सन्मूलाः सोम्येमाः सर्वाः प्रजाः सदायतनाः'' । इत्यादि छान्दोग्य वाक्ये परमात्मवाचकपदेनैव परमात्मनो ग्रहणं दृश्यते । तथा पूर्वापरवाक्येषु ''पुरुष एवेदं सर्वम्'' ''ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्तात्'' इति सर्वायतन रूपेण ब्रह्मण एव सङ्कीर्तनं दृश्यते तस्मादपि

मनरूपकरण से भी रहीत है। उस परमेश्वर का कार्य अर्थात् शरीर नहीं है। एवं करण जो चक्षुरादि हैं वे भी नहीं है ।] इत्यादि श्रुतियों से शरीरादिक का निषेध किया गया है । इसलिए द्युभ्वाद्यायतन से परमात्मा का ग्रहण नहीं होता है। किन्तु प्राणमन विशिष्ट जीव का ही ग्रहण होता है। अथवा सांख्य मत कल्पित प्रधान का ग्रहण होता है। क्योंकि प्रधान भी महत्तत्वादि सकल विकार का कारण होने से द्यु पृथिव्यादि पदार्थों का आयतन आधार हो सकता है।

एतादृश पूर्वपक्ष के उत्तर में कहते हैं–''अत्राभीधीयते'' इत्यादि ''द्युभ्वाद्यायतनं स्वशब्दात्'' द्यु पृथिव्यादि सकल पदार्थों का आयतन परमात्मा ही है। क्योंकि 'स्व' परमात्मा का बोधक विशेष पद का कथन है।

मुक्तोपसृप्यव्यपदेशात् ।१।३।२।

इतश्च द्युभ्वाद्यायतनभूतः परमात्मा । यतोऽत्र प्रकरणे मुक्तोपसृप्यत्वस्य व्यपदेशो दृश्यते । "तदा विद्वान् पुण्यपापे विधूय निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति" [मु० ३।१।३।] "तथा विद्वान् नामरूपाद्विमुक्तः परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्" [मु० ३।२।८।] इत्येतस्मान्मुक्तप्राप्यत्वाभिधानादयं परमपुरुष एव ॥२॥

सिद्धं भवति. यदत्र द्युपृथिव्यादीनामायतनरूपेण यत् श्रूयते तत् परं ब्रह्मैव नतु तदतिरिक्तं किञ्चित् । प्रधानपक्षस्तु ज्ञानवत्वाद्यभावादेवपराकृतो भवति । जीवोऽपि तनुमाहात्म्यवत्वादल्पज्ञत्वदुःखवत्वादुपहतप्रतिहत एव भवतीति । यदप्युक्ते पूर्वपक्षे प्राणमनसो सम्बन्धाज्जीव एव समुपस्थितो भवति परमात्मा तु नोपस्थितः "अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रः" इत्यादिवाक्येन परमात्मनो निषेधादिति तदपि न युक्तम्. "अप्राणो ह्यमनाः" इत्यादिवाक्यं प्राणमनोधीन प्रवृत्तिराहित्यमेव परमात्मनो भवतीत्येतावन्मात्र प्रतिषेधकम्. नतु मन सम्बन्धराहित्यस्यापि परमात्मनः सर्वशरीरकत्वात् । "मनोमयः प्राणशरीर नेता" इत्यादौ तस्य प्राणमनसो सम्बन्धप्रतिपादनादिति संक्षेपः ॥१॥

विवरणम्—इतः पूर्वसूत्रे आत्मपदस्य तथा अमृतप्रापकत्वस्य च हेतोः परमपुरुषबोधकस्य विद्यमानत्वेन द्यावापृथिव्यादीनामा-

"तमेवैकं जानथात्मानम्" "अमृतस्यैष सेतुः [उस एक आत्मा को जानो। यह परमात्मा अमृत का सेतु है।] एतद्वाक्य घटक आत्मा शब्द का श्रवण है। तथा अमृत प्रापकत्व भी तो परमात्मा में ही है । इसलिए ये सब विशेषणों के श्रूयमाण होने से परमात्मा ही द्युभ्वादि का आयतन है। जीव अथवा प्रधान नहीं। क्योंकि इन में आत्मत्व तथा अमृत प्रापकत्व नहीं है। अतः परमात्मा पक्ष ही उचित है ॥१।३।१॥

धारभूतः परमात्मैव, न तदन्यो जीवः प्रधानं वेति प्रतिपाद्य• यश्चाविद्याकामशोकमोहादिरहित उपासकस्तादृशमुक्तपुरुषेण प्राप्यः परमात्मैव भवतीति शास्त्रे प्रतिपादनात् परमात्मैव द्युपृथिव्यादीनामायतनभूत इति दर्शयितुं सूत्रार्थाविष्करणायोपक्रमते "इतश्च द्युभ्वाद्यायतनभूतः परमात्मा" इत्यादि यतो वक्ष्यमाण मुक्तोपसृप्यत्वव्यपदेशादपि परमात्मैव द्युपृथिव्यादीनामायतनभूत इति गम्यते मुक्तैर्विधूतसंसारमलैः पुरुषैरुपसृप्यः प्राप्यः पर-परमात्मा भवति. इति क्रमेण शास्त्रे व्यपदेशः कृतस्तेन ज्ञायते यदत्र परमात्मैव द्यावापृथिव्यादीनामाधारभूत इति । कुत्र कथं वा शास्त्रे व्यपदेशस्तद्दर्शयितुमाह 'यतोऽत्र प्रकरणे" इत्यादि ।

यतोस्मिन् प्रतिपाद्याधिकरणे जीवात्मा सकलपापरहितः परमात्मानं प्राप्नोति, प्राप्तिक्रियायाः कर्त्ता जीवो भवति । तादृश क्रियायाः कर्म च भवति परमपुरुषः नहि एक एवैकस्याः क्रियायाः कर्म च

सारबोधिनी—द्युभ्वादियों का आयतन परमात्मा है जीवादिक नहीं। क्योंकि "तमेवैकं जानथात्मानम्" "अमृतस्य सेतुः" इत्यादि स्थल में परमात्मा का वाचक आत्मपद है। तथा अमृतस्य यह पद है—इससे सिद्ध होता है कि परमात्मा ही द्युभ्वायतन है इस बात को प्रथम सूत्र से सिद्ध करके अब वक्ष्यमाण मुक्तोपसृप्यत्व हेतु से भी पृथिव्यादि का आयतन परमात्मा ही है इसको सिद्ध करने के लिए उपक्रम करते हैं—"इतश्च द्युभ्वायतन" इत्यादि। इस वक्ष्यमाण हेतु से भी सिद्ध होता है कि द्युभ्वादि सकल पदार्थों का आधार परमात्मा ही है। इसलिए इस प्रकरण में मुक्तोपसृप्यत्व का प्रतिपादन किया गया है। तादृश प्रतिपादक वाक्य का उद्धरण करते हैं "तदाविद्वानित्यादि" [जबकि यह विद्वान् उपासक जीव उपासनादि शास्त्र प्रतिपादित प्रकार से भगवान् का आराधन करके विशुद्धान्तःकरणवाला हो जाता है तब संसार प्रयोजक

कर्त्ता चेत्युभयं संभवति, विरोधादतोविनाशितशोकादिमता मुक्तेनोपसृप्यत्वात् पृथिवीप्रभृतीनामाधारः परमात्मैव ।

मुक्तोपसृप्यताप्रतिपादकश्रुतिमुदाहरति–"तदा विद्वानित्यादि"। यदा निवृत्तैषण उपासको भगवन्तमाराध्य विमलान्तः करणो भवति. तदा विशेषतः पुण्यपापाख्ये कर्मणी निराकृत्य सर्वदुःखरहितः सन् आराध्यस्य परमसमतामेति । तथा "तथाविद्वान् नामरूपेत्यादि" भगवदाराधनया नामरूपाभ्यां सांसारिकशोकमोहाभ्यां विमुक्तः सर्वथा संबन्धरहित आराधकः परात् कार्यब्रह्मणोऽपि परं परम पुरुषपरमात्मानं श्रीरामं दिव्यमनन्तकल्याणगुणैकनिलयमुपैत्यचिरेणैव प्राप्नोति । इत्यादि स्थले परमपुरुषस्य मुक्तेन प्राप्यत्वदर्शनाज् ज्ञायते यत्परमपुरुषः परमात्मैव द्युभ्वादीनामाधारः श्रुतो भवति. नतु तदतिरिक्तः । तत्र न मुक्तोजीवोजीवमेव प्राप्नुयात् । नवा चेतनो-

शुभाशुभ कर्म समुदाय को विनष्ट करके सर्व प्रकारक अनन्तक्लेश का निराकरण करके स्वाराध्य परम पुरुष भगवान् श्रीराम की परम समता को प्राप्त कर जाता है । एवम् "तथा विद्वान् नाम रूपादित्यादि । इसी प्रकार से वाक्यान्तर भी कहता है "विद्वान् आराधक पुरुष नामरूप से सांसारिक पदार्थजात से विमुक्त होकर परात्परः पर जो हिरण्यगर्भरूप ब्रह्म. उससे भी पर जो कि दिव्य है अर्थात् लोकोत्तर अनन्त कल्याण गुणों का राशि है तादृश महापुरुष वेदान्तवेद्य श्रीराम को प्राप्त कर जाता है।" इस प्रकार से अनेक वाक्यों में मुक्त जीवों से भगवान् को प्राप्य बतलाया गया है। तो मुक्तोपसृप्य भगवान् परमपुरुष हो "यस्मिन् द्यौः पृथिवी" इत्यादि वाक्य से अवगत जो द्युभ्वादिका आयतनरूप से श्रुयमाण है वह परम पुरुष ही है । नतु जीव या प्रधान क्योंकि जोव तो बद्ध है, और प्रधान जड़ है । तो उसमें चेतन मुक्त की उपसृप्यता बाधित है । इसमें विशेष विवरण भाष्य ग्रन्थ विवरण में देखें । यहाँ तो संक्षेप से कथन किया गया है ॥२॥

नानुमानमतच्छब्दात् ।१।३।३।

आनुमानं प्रधानमत्र द्युभ्वाद्यायतनत्वेन न प्रतिपाद्यम् । कुत इति चेत्तत्प्रतिपादकशब्दस्यास्मिन् प्रकरणेऽश्रवणात् ॥३॥

जीवोऽचेतनं प्राप्नुयात्, तादृशप्राप्तेस्तयोरसंभवात् तस्मात् परम पुरुषे एवतत्संभवात् स एव तथेति संक्षेपः ॥२॥

विवरणम्–सर्वजगत्कारणतया द्युभ्वाद्यायतनतया च परब्रह्मणो यथा ग्रहणं भवति तथा सांख्यमतकल्पितं प्रधानमपि सर्वजगतः कारणं भवत्येवेतितत्कथं न तस्य द्युभ्वाद्यायतनतया ग्रहणं स्यात्, इत्याशंक्य यथा परमात्मनः प्रतिपादको हेतुविशेषः स्वशब्दस्तथा मुक्तोपसृप्यत्वादिको विशेषहेतुः प्रतिपादितं शास्त्रे, न तथान्यस्य कृते तस्मात् सांख्यस्मृतिपरिकल्पितमानुमानिकं प्रधानमत्र द्युभ्वाद्यायतनं न ज्ञातव्यम् यतः तस्य प्रतिपादकशब्दस्याभावात् । न चेहाचेतनस्य प्रतिपादकः शब्दोविद्यते । परमात्मनस्तु "यः सर्वज्ञः ससर्ववित्" "तमेवैकं जानथात्मानम्" इत्यादि शब्दो विद्यते । तस्मात्

सारबोधिनी–जैसे परमात्मा सकल जगत् का कारण है अत द्यु पृथिव्यादि के आयतन रूप से परमात्मा का ग्रहण किया जाता है। वैसे सर्व जगत् का कारण तो सांख्य स्मृति परिकल्पित प्रधान भी है, तो वह भी आकाशादि सकल जगत् का उपादान कारण है । तब तो प्रधान का ही द्युभ्वायतन रूप से ग्रहण होना चाहिए । इस शंका के उत्तर में कहते हैं सूत्र का उपन्यास करने के लिए "आनुमानं प्रधानम्" इत्यादि । अनुमान अर्थात् मात्र अनुमान प्रमाण सिद्ध जो सांख्य परिकल्पित प्रधान है जिसको प्रधान कारणवादी सकल आकाशादि को विकार रूप से कथन करते हैं, तादृश प्रधान यहाँ द्युभ्वायतन रूप से गृहीत नहीं होता है । क्योंकि "अतच्छ-ब्दात्" उस प्रधान का द्यु पृथिव्यादि का आयतन होने का प्रपिपादक कोई शब्द अर्थात् आगम प्रमाण नहीं है । यह तो केवल अनुमान प्रमाणगम्य है ।

परमेश्वरस्यैव द्युभ्वाद्यायतनतया ग्रहणं भवति नतु स्मृतिपरिकल्पित प्रधानस्येत्याशयेनाह—"आनुमानं प्रधानमत्रे"त्यादि ।' अत्रास्मिन् प्रकरणे आनुमानम्=अर्थात् अनुमानप्रमाणसिद्धं प्रधानं द्युपृथिव्यादीनामायतनरूपेण न प्रतिपादितं तस्य प्रतिपादनं कथं न भवतीतिचेत्. तत्प्रतिपादकप्रधानप्रतिपादकशब्दस्यास्मिन् प्रकरणेऽश्रवणात् । यथा "तमेवैकं विजानथात्मानम्" "यः सर्वज्ञः ससर्ववित्" इत्यादिकः परमात्मप्रतिपादकः शब्दराशिर्विद्यते न तथा प्रधान-प्रतिपादकः शब्दोऽस्मिन् प्रकरणे दृश्यते । अनुमीयते इत्यनुमानमनुमितेर्विषयः तस्य न द्युभ्वाद्यायतनतया परिगृहीतव्यं कुतः अतच्छब्दात्=तस्य प्रधानस्य वाचकः शब्दोनास्ति । तस्मात् द्युभ्वाद्यायतनरूपेण प्रधानस्य ग्रहणं न भवति. किन्तु सर्वजगत्कारणस्य सर्वज्ञस्यानन्तकल्याणगुणाकरस्य भगवतो रामस्यैव द्यु पृथिव्यादीनामायतनरूपेण ग्रहणं भवतीति सिद्धान्तः । तदत्र

तथा जीव और जीव का विशेष गुण न होने से मानस प्रत्यक्ष का विषय नहीं है । प्रधान जगत् का कारण है, एतादृश कोई वेद भी प्रमाण नहीं है । अर्थापत्ति अनुपलब्धि की तो संभावना भी नहीं है । तब केवल कार्य लिङ्ग का तर्कानुगृहीत अनुमान प्रमाण द्वारा ही अनुमेय होता है। परन्तु केवल आगमगम्य अर्थ में शुष्क तर्क को अवसर प्राप्त नहीं होता है । जिस तरह स्वर्ग अपूर्वादि के विषयों में तर्क सह कृत मान व्यवस्थापक नहीं है । ऐसा सब वादियोंने स्वीकार किया है । अतः एतादृश जगत् कारणता के विषय में केवल शब्द ही है वह शब्द प्रमाण प्रधान की कारणता प्रतिपादक नहीं है । अतः केवल आनुमानिक प्रधान द्युपृथिव्यादि कार्य जगत् का आयतन नहीं है । किन्तु "तमेवैकमात्मानं जानथ" "अमृतस्य सेतुः" "यःसर्वज्ञः स सर्ववित्" इत्याद्यनेक श्रुतिस्मृति समर्थित सर्वज्ञ परमात्मा ही द्युभ्वादिकादिकार्य समुदाय का आयतन हैं । एवम् "सन्मूलाः सोम्येमाः प्रजाः सत्प्रतिष्ठाः"

प्राणभृच्च ।१।३।४।

उपरितनसूत्रात्पदद्वयमनुवर्तते । तथा चायमर्थः । प्राणभृज्जीवोऽपि तदभिधेयशब्दाभावान्नास्मिन् प्रकरणेऽभिधीयते । अणुर्जीवस्य द्युभ्वाद्याश्रयत्वासम्भवाच्च ॥४॥

श्रीआनन्दभाष्यकाराः—"यद्यप्यात्मशब्दो जीवरपमात्मोभयसाधारणः प्रधानेऽपि च यया कथञ्चिद्योजयितुं शक्यस्तथापि "तमेवैकं जानथ आत्मानमन्यवाचोविमुञ्चथ" (मु.२।२।५) इति वाग्विमोकपूर्वकमात्मनो विज्ञेयत्वश्रवणात् परमात्मन एवात्मपदग्राह्यत्वम् । तदतिरिक्तविज्ञेयत्वस्यानधिकप्रयोजनकत्वात् । एवञ्चैतत् समानार्थाभिधायिन्या "स्तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः । नानुध्यायाद्बहूञ्छब्दान् वाचो विग्लापनं हि तत्" । (बृ.४।४।२१) इत्यस्याः श्रुतेरपि सङ्गतिः । परमात्मन एव याथात्म्यावगमोत्तरकालिकध्रुवानुस्मृतिपदवाच्यप्रज्ञाविषयत्वं न जीवस्येति । तस्माद्युभ्वाद्यायतनं परमात्मैव" । इति ॥३॥

इत्यादि प्रकरणस्थ आगम साक्षादेव सदात्मक ब्रह्म को जगत् का उत्पादक तथा जगत् का आयतनादि का प्रतिपादन करता है । इसलिए भगवान् सर्वेश्वर श्री राम ही द्युभ्वादि पदार्थों का आयतन हैं नतु केवल आनुमानिक प्रधान द्युभू प्रभृतिक जगत् का आयतन इसी बात का स्पष्टीकरण करते हैं "आनुमानमित्यादि" प्रकरण से । आनुमान अर्थात् अनुमान प्रमाण सिद्ध जो प्रधान वह यहाँ द्युभ्वादिकों का आयतन रूप से प्रतिपाद्य नहीं है । क्योंकि प्रधान को द्युभ्वादि के आयतनता का प्रतिपादन करनेवाला कोई शब्दागम नहीं है इस प्रकरण में । इसलिए परमात्मा ही द्युभ्वाद्यायतन है प्रधान नहीं ।१।३।३।

सारबोधिनी—इसके पूर्व तृतीय सूत्र में कहा गया है कि सांख्यमत कल्पित प्रधान सर्व विकार का कारण होने पर भी द्युभ्वादिका आयतन नहीं हो सकता है । पर द्युभ्वादिका आयतन परमात्मा ही है क्योंकि द्युभ्वादि

विवरणम्-पूर्वसूत्रत्रयेण परमात्मन एव द्युभ्वाद्यायतनत्वं व्यवस्थापितं निराकृत श्च जगदायतनतया प्रधानम् । तावता कथं परमात्मन एव कारणत्वम् । आभ्यामतिरिक्तस्य जीवस्यापि तदायतनतया परिग्रहसंभवात् । अचेतनं हि प्रधानमित्यचेतनस्य जगदायतन प्रतिपादकशब्दाभावात् तस्य ग्रहणं नसंभवेत किन्तु जीवस्तु चेतनः चेतनस्य कारणता तु शब्देन प्रतिपादितैव. अतो जीवस्यापि द्युभ्वाद्यायतनताया निराकरणाय चतुर्थसूत्रमवतारयितुमाह "उपरितन सूत्रादि त्यादि" । यथा प्रधानस्य वाचकः शब्दोऽत्र प्रकरणे न विद्यते तद्वत् प्राणभृतो जीवस्यापि द्युभ्वाद्यायतनता प्रतिपादकः शब्दोनास्ति. तस्मात् यथा प्रधानस्य तथा जीवस्यापि ग्रहणं न संभवति । कुतः ?

